एनएसडीएल के पास डीमेट मोड में प्रतिभूतियां धारित करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	1) यदि आप पहले से ही NSDL IDeAS सुविधा के लिए पंजीकृत हैं तो कृपया एनएसडीएल की ई-सर्विसेज वेबसाइट पर जाएं। व्यक्तिगत कंप्यूटर या मोबाइल पर यूआरएल https://eservices.nsdl.com टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें। एक बार ई-सेवाओं का मुख्य पृष्ठ आरंभ होने के बाद, "Login" के अंतर्गत "Beneficial Owner" आइकन पर क्लिक करें, जो 'IDeAs' खंड के अंतर्गत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी और पासवर्ड प्रविष्ट करना होगा। सफल प्रमाणीकरण के पश्चात, आप ई-मतदान सेवाओं को देख पाएंगे। ई-मतदान सेवाओं के अंतर्गत "Access to e-Voting" पर क्लिक करें और आप ई-वोटिंग पृष्ठ देखने में सक्षम होंगे। कंपनी के नाम या ई-मतदान सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना मतदान करने या आभासी बैठक में शामिल होने व बैठक के दौरान मतदान करने के लिए आपको ई-मतदान सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। 2) यदि उपयोगकर्ता, IDeAS ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है तो पंजीकरण का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है। "Register Online for IDeAS Portal" का चयन करें अथवा https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें। 3) एनएसडीएल की ई-मतदान वेबसाइट पर जाएं। व्यक्तिगत कंप्यूटर या मोबाइल पर यूआरएल https://www.evoting.nsdl.com/ टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें। एक बार ई-मतदान सिस्टम का आवरण पृष्ठ प्रारंभ होने के बाद, "Login" आइकन पर क्लिक करें जो 'Shareholder/Member' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी (अर्थात एनएसडीएल में आपका सोलह अंकों का डीमेट खाता नंबर), पासवर्ड/ ओटीपी और स्क्रीन पर दर्शाए गए अनुसार सत्यापन कोड दर्ज करना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा जहाँ आप ई-मतदान पृष्ठ देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-मतदान सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और दूरस्थ ई-मतदान अवधि के दौरान अपना मतदान करने या आभासी बैठक में शामिल होने और बैठक के दौरान मतदान करने के लिए आपको ई-मतदान सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा।
अपने **निक्षेपागार सहभागियों** के माध्यम से लॉगिन करने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक (डीमेट मोड में प्रतिभूति धारक)	आप ई-मतदान सुविधा के लिए एनएसडीएल/ सीडीएसएल के पास पंजीकृत अपने निक्षेपागार सहभागी के माध्यम से अपने डीमेट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगिन कर सकते हैं। सफल लॉगिन के बाद, आप ई-मतदान का विकल्प देख पाएंगे। एक बार जब आप ई-मतदान विकल्प पर क्लिक करते हैं तो आपको सफलतापूर्वक प्रमाणीकरण के बाद एनएसडीएल/ सीडीएसएल निक्षेपागार साइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा, जहाँ आप ई-मतदान सुविधा देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना मतदान करने या आभासी बैठक में शामिल होने व बैठक के दौरान मतदान करने के लिए आपको ई-मतदान सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा।

महत्वपूर्ण नोट : जो सदस्य यूजर आईडी/ पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध 'Forget User ID and Forget Password' विकल्प का प्रयोग करें।

निक्षेपागार अर्थात सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए डीमेट रूप में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क :

लॉग-इन प्रकार	हेल्पडेस्क विवरण
सीडीएसएल के साथ डीमेट रूप में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।
एनएसडीएल के साथ डीमेट रूप में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री संख्या 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर संपर्क कर सकते हैं।

चरण 2 : मूर्त रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक तथा डीमेट रूप में गैर-व्यक्तिगत शेयरधारक के मामले में सीडीएसएल ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से अभिगम।

V. **भौतिक शेयरधारकों तथा डीमेट रूप में व्यक्तिगत शेयरधारकों के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों** के लिए दूरस्थ ई-मतदान और आभासी बैठक में शामिल होने के लिए के लिए लॉगिन विधि।

1. शेयरधारकों को ई-मतदान वेबसाइट www.evotingindia.com पर लॉग-ऑन करना चाहिए।
2. "Shareholders" मॉड्यूल पर क्लिक करें।
3. अब निम्नानुसार अपना यूजर आईडी प्रविष्ट करें :
   i. सीडीएसएल हेतु : 16 अंकों की हिताधिकारी आईडी।
   ii. एनएसडीएल हेतु : 8 अंकों की डीपी आईडी के बाद 8 अंकों की ग्राहक आईडी।
   iii. भौतिक रूप में शेयरधारक, कंपनी में पंजीकृत अपनी फोलियों संख्या प्रविष्ट करें।
4. दर्शाई गई ईमेज सत्यापन को प्रविष्ट करें और लॉगिन पर क्लिक करें।
5. यदि आपके पास शेयर डीमेट रूप में हैं और आपने www.evotingindia.com पर लॉगऑन किया है और पूर्व में किसी कंपनी हेतु मतदान किया है तो अपने वर्तमान पासवर्ड का प्रयोग करें।
6. यदि आप प्रथम बार मतदान कर रहे हैं तो निम्न दिए गए चरणों का अनुसरण करें :

	भौतिक शेयरधारकों तथा डीमेट रूप में व्यक्तिगत शेयरधारकों के अतिरिक्त अन्य शेयरधारक
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी आपका 10 अंकों का अल्फा-न्यूमेरिक *पैन प्रविष्ट करें (यह डीमेट शेयरधारकों के साथ-साथ भौतिक शेयरधारकों दोनों के लिए लागू है) • ऐसे शेयरधारक जिन्होंने अपना पैन, बैंक/ डिपाजिटरी सहभागी के पास अद्यतित नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे बैंक/आरटीए द्वारा भेजे गए अनुक्रम संख्या का प्रयोग करें या कंपनी/आरटीए से संपर्क करें।
लाभांश बैंक विवरण **या** जन्म-तिथि (डीओबी)	लॉगिन करने हेतु अपने डिमेट खाते में या बैंक अभिलेख में अभिलिखित लाभांश बैंक विवरण या जन्म-तिथि (दिन/ माह/ वर्ष प्रारूप में) प्रविष्ट करें। • यदि दोनों विवरण निक्षेपागार या बैंक के पास पंजीकृत नहीं हैं तो कृपया लाभांश बैंक विवरण फील्ड में सदस्य आईडी/ फोलियों संख्या प्रविष्ट करें ।

VI. इन विवरणों को उपयुक्त रूप से प्रविष्ट करने के पश्चात "SUBMIT" टेब पर क्लिक करें।

VII. सदस्य जिनके पास मूर्त रूप में शेयर हैं, सीधे कंपनी सेलेक्शन स्क्रीन पर पहुँच सकते हैं। तथापि, सदस्य जिनके पास डीमेट रूप में शेयर हैं "Password Creation" मेनु में पहुँचेंगे, जहाँ उन्हें नए पासवर्ड स्थान में अनिवार्य रूप से अपना लॉगिन पासवर्ड दर्ज करना होगा। कृपया नोट करें कि डीमेट धारकों द्वारा इस पासवर्ड का उपयोग किसी भी कंपनी जिसमें वह वोट देने के लिए पात्र है, किया जा सकता है बशर्ते कंपनी, सीडीएसएल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ई-वोटिंग का चयन करती है। प्रबलतापूर्वक अनुशंसा की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं तथा अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतें।

VIII. शेयरधारक जिनके पास शेयर मूर्त रूप में हैं, इस नोटिस में निहित संकल्प पर केवल ई-मतदान के लिए ब्यौरे का उपयोग किया जा सकता है।

IX. पंजाब एण्ड सिंध बैंक के "EVSN" पर क्लिक करें जिसको आप मतदान करना चाहते हैं।

X. मतदान पृष्ठ पर आप "RESOLUTIONS DESCRIPTION" के समक्ष YES/ NO का विकल्प, वोटिंग के लिए देखेंगे। इच्छानुसार "YES" अथवा "NO" विकल्प का चयन करें। "YES" का विकल्प, संकल्प के प्रति आपकी सहमति सूचित करता है तथा "NO" का विकल्प, संकल्प के प्रति आपकी असहमति सूचित करता है।

XI. यदि आप सभी संकल्प विवरणों को देखना चाहते हैं तो "RESOLUTIONS FILE LINK" पर क्लिक करें।

XII. जिस प्रस्ताव पर आपने वोट देने का फैसला किया है, उसे चुनने के बाद, " SUBMIT" पर क्लिक करें। एक पुष्टिकरण बॉक्स प्रदर्शित होगा। यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं, तो "OK" पर क्लिक करें, अन्यथा अपना वोट बदलने के लिए, " CANCEL" पर क्लिक करें और तदनुसार अपना वोट संशोधित करें।

XIII. संकल्प पर एक बार मतदान की "CONFIRM" के पश्चात मतदान को संशोधित करने की अनुमति नहीं होगी।

XIV. मतदान पृष्ठ के "Click here to print" विकल्प पर क्लिक करके आप अपने द्वारा किए गए मतदान का प्रिंट भी निकाल सकते हैं।

XV. यदि डीमेट खाताधारक अपना लॉगिन पासवर्ड भूल गए हैं तो यूजर आईडी और ईमेज सत्यापन कोड को प्रविष्ट करें तथा "Forgot Password" पर क्लिक करें और प्रणाली द्वारा मांगे गए विवरण को प्रविष्ट करें।

XVI. यहाँ पर BR/POA अपलोड करने का वैकल्पिक प्रावधान भी है (यदि कोई अपलोड है) जिसे सत्यापन के लिए संवीक्षक को उपलब्ध कराया जाएगा।

XVII. **गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों तथा अभिरक्षकों के लिए अतिरिक्त सुविधा – केवल दूरस्थ मतदान के लिए**

- गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों (अर्थात वैयक्तिक, एचयूएफ, एनआरआई इत्यादि के अतिरिक्त) तथा अभिरक्षकों को www.evotingindia.com पर लॉग-ऑन करना होगा और "Corporates" मॉड्यूल में स्वयं को पंजीकृत करना होगा।
- पंजीकरण फॉर्म की स्कैन प्रति जिस पर संस्था की मुहर तथा हस्ताक्षर हो, को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल की जानी चाहिए।
- लॉगिन विवरण प्राप्त होने के बाद, एडमिन लॉगिन तथा पासवर्ड का उपयोग करके अनुपालन यूजर सृजित करना चाहिए। अनुपालन यूजर, खाता (ओं) को लिंक करने समर्थ होगा जिसके लिए वो मतदान करना चाहते हैं।
- लॉगिन में संबद्ध खातों की सूची स्वतः मैप होगी तथा गलत मैपिंग के लिए डी-लिंक भी की जा सकती है।
- यह अनिवार्य है कि बोर्ड संकल्प तथा मुख्तारनामा (पीओए) की स्कैन प्रति जिसे उन्होनें अभिरक्षक के पक्ष में जारी किया है (यदि कोई है), तो संवीक्षक के पास उसके सत्यापन के लिए सिस्टम में पीडीएफ प्रारूप में अपलोड की जानी चाहिए।
- वैकल्पिक रूप से गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों को विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जो मतदान के लिए अधिकृत है, के अनुप्रमाणित नमूना हस्ताक्षर सहित प्रासंगिक बोर्ड संकल्प/ प्राधिकरण पत्र इत्यादि ,संवीक्षक तथा बैंक को ईमेल पते अर्थात scrutinizer@snaco.net तथा complianceofficer@psb.bank.in पर भेजना आवश्यक है यदि वे वैयक्तिक टैब से मतदान कर चुके हैं और जांच के लिए उसे संवीक्षक को सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली में अपलोड नहीं किया गया है।

जिन शेयरधारकों के ई-मेल/मोबाइल नंबर, बैंक अथवा निक्षेपागारों के पास पंजीकृत नहीं है, उनके लिए प्रक्रिया :

1. भौतिक शेयरधारकों के लिए – कृपया complianceofficer@psb.bank.in/ delhi@in.mpms.mufg.com को ई-मेल द्वारा आवश्यक विवरण यथा फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण-पत्र की स्केन प्रति (अग्र और पश्च), पैन (पैन कार्ड की स्व अनुप्रमाणित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व अनुप्रमाणित स्कैन प्रति) उपलब्ध कराएं।

2. डीमेट शेयरधारकों के लिए – कृपया अपने संबंधित निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के पास अपना मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर अद्यतित करें।

3. वैयक्तिक डीमेट शेयरधारकों के लिए - कृपया अपने संबंधित निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के पास अपना मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर अद्यतित करें जो ई-मतदान करने तथा डिपॉजिटरी के माध्यम से आभासी बैठक में शामिल होने के लिए अनिवार्य है।

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने और बैठक के दौरान ई-मतदान करने वाले शेयरधारकों के लिए निर्देश निम्नानुसार हैं:

1. एजीएम के दिन बैठक में भाग लेने तथा ई-मतदान के लिए प्रक्रिया, दूरस्थ ई-मतदान के लिए ऊपर बताए गए निर्देशों के समान ही है।
2. बैठक में भाग लेने के लिए वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक, दूरस्थ ई-मतदान के लिए ऊपर उल्लिखित निर्देशों के अनुसार सफल लॉगिन के बाद बैंक के ईवीएसएन प्रदर्शित किए जाने वाले स्थान पर उपलब्ध होगा।
3. दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से मतदान करने वाले शेयरधारक बैठक में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। हालांकि, वे एजीएम में मतदान के पात्र नहीं होंगे।
4. शेयरधारकों से अनुरोध है कि बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप/ आईपैड के माध्यम से बैठक में भाग लें।
5. तत्पश्चात, शेयरधारकों को कैमरा उपयोग की अनुमति देने तथा बैठक के दौरान किसी भी बाधा से बचने के लिए अच्छी गति के इंटरनेट के उपयोग की आवश्यकता होगी।
6. कृपया ध्यान दें कि मोबाइल हॉटस्पॉट से कनेक्ट करके मोबाइल उपकरणों या टेबलेट या लैपटॉप के माध्यम से जुड़ने वाले सहभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क में विचलन के कारण ऑडियो/ विडियों घटने का अनुभव हो सकता है। किसी प्रकार के पूर्वोक्त गडबड़ी को कम करने के लिए स्थिर वाई-फाई या लेन कनेक्शन के उपयोग करने की अनुशंसा की जाती है।
7. शेयरधारक जो बैठक के दौरान अपना विचार व्यक्त करना चाहते हैं/ प्रश्न पूछना चाहते हैं, **21 जुलाई, 2026 तक** अपना नाम, डीमेट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर समाविष्ट अपना अनुरोध स्पीकर के रूप में complianceofficer@psb.bank.in पर पंजीकृत करें। वे शेयरधारक जो एजीएम के दौरान बोलना नहीं चाहते हैं लेकिन उन्हें किसी विषय में जानकारी चाहिए तो **21 जुलाई, 2026 तक** अपना नाम, डीमेट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर समाविष्ट अपने प्रश्न complianceofficer@psb.bank.in पर भेजें। इन प्रश्नों के उत्तर बैंक द्वारा ई-मेल से समुचित रूप से दिया जाएगा।
8. जिन शेयरधारकों ने अपने को वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, बैठक के दौरान केवल उन्हें ही अपने विचार व्यक्त करने/ प्रश्न पूछने की अनुमति होगी।
9. केवल वे शेयरधारक, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं और दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से संकल्पों पर अपना मतदान नहीं किया है और जिन्हें अन्यथा ऐसा करने से नहीं रोका गया है, एजीएम के दौरान उपलब्ध ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से मतदान के पात्र होंगे।
10. यदि एजीएम के दौरान उपलब्ध ई-मतदान के माध्यम से किसी शेयरधारक द्वारा मतदान किया जाता है और उस शेयरधारक ने वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग नहीं लिया है तो ऐसे शेयरधारक द्वारा किए गए मतदान को अमान्य माना जाएगा क्योंकि बैठक के दौरान ई-मतदान की सुविधा केवल बैठक में भाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए उपलब्ध है।

यदि आपको एजीएम में भाग लेने एवं सीडीएसएल ई-मतदान प्रणाली से ई-मतदान के संबंध में किसी प्रकार की जिज्ञासा या प्रश्न है तो helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1-800-22-5533 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान की सुविधा से जुड़े सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दल्वी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) केंद्रीय डिपॉजिटरी सर्विस (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25 वाँ तल, मैराथन फ्यूचर, मफतलाल मिल कंपाउंड, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई-400013 पर संपर्क करें या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल करें या टोल-फ्री नंबर 1800-22-5533 पर संपर्क करें।

10. संवीक्षक

निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-मतदान प्रक्रिया की संवीक्षा के लिए बैंक द्वारा मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमण्यम एण्ड कंपनी, कंपनी सचिवों को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

एजीएम संपन्न होने के 48 घंटे भीतर संवीक्षक, बैठक के अध्यक्ष को कुल डाले गए मतदान पर समेकन संवीक्षक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और अध्यक्ष या उसके द्वारा लिखित में प्राधिकृत व्यक्ति उस पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे तथा शेयर बाजारों एवं बैंक वेबसाइट पर संवीक्षक रिपोर्ट सहित परिणाम डालकर तत्काल मतदान के परिणाम की घोषणा करेंगे।

11. अदत्त/अदावाकृत लाभांश, यदि कोई हो

जिन शेयरधारकों ने पिछले वर्षों के अपने लाभांश वारंट का नकदीकरण नहीं लिया है, उनसे अनुरोध है कि वे बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट से उपरोक्त पते पर या एनबीसीसी कार्यालय कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक-3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 पर बैंक के शेयर कक्ष में संपर्क करें।

12. अन्य सूचना

a) सेबी और एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, ई-मतदान की प्रक्रिया तथा शिष्टता दर्शाने के साथ-साथ बैंक की 16वीं वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) की सूचना समाविष्ट, 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट उन समस्त शेयरधारकों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रेषित की जा रही है जिनके ई-मेल आईडी, रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए) अर्थात "एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड"/ निक्षेपागार सहभागी (यों) के पास पंजीकृत हैं।

b) बैंक द्वारा प्रारंभ किए गए 'हरित पहल' के मद्देनजर शेयरधारकों से अनुरोध है कि डीमेट रूप में धारित शेयरों के लिए अपने संबंधित निक्षेपागार सहभागी के पास तथा भौतिक रूप में शेयर धारित होने पर बैंक के आरटीए (आरटीए का ईमेल आईडीः delhi@in.mpms.mufg.com) के पास अपना ईमेल आई-डी पंजीकृत करें। इसके अतिरिक्त नाम, डाक-पता, ई-मेल पता, दूरभाष/ मोबाइल नंबर, स्थाई खाता संख्या (पैन), अधिदेश, नामांकन, बैंक विवरण यथा बैंक का नाम व शाखा विवरण, बैंक खाता संख्या, एमआईसीआर कोड, आईएफएससी कोड इत्यादि से संबंधित किसी प्रकार के परिवर्तन की स्थिति में इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारक उसकी सूचना अपने डीपी को दें तथा भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले शेयरधारक आरटीए को सूचित करें।

c) समरूप नाम या संयुक्त नाम के समान क्रम में अनेक फोलियो में भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि एकल फोलियो में समेकन के लिए अपने शेयर प्रमाण-पत्र, आरटीए को प्रेषित करें।

13. शेयरधारकों के लिए संपर्क विवरण

इस संचार के किसी भी प्रकरण अथवा पंजाब एण्ड सिंध बैंक के शेयर/लाभांश से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर स्पष्टीकरण/सहायता के लिए आप हमसे/आरटीए से निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं (कृपया अपने पत्राचार/संचार में अपना फोलियो नंबर/ दूरभाष नंबर/ मोबाइल नंबर/ ई-मेल पता उद्धृत करें) :

एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड. यूनिट : पंजाब एण्ड सिंध बैंक नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट सं. एनएच 2, एलएससी, सी-1 ब्लॉक, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 दूरभाष: +91 11 4141 0592, 93, 94 फैक्स: +91 11 4141 0591 ईमेल: delhi@in.mpms.mufg.com	कंपनी सचिव पंजाब एण्ड सिंध बैंक कॉरपोरेट कार्यालय - एनबीसीसी कार्यालय कॉम्प्लेक्स प्रथम तल, ब्लॉक-3, पूर्वी किदवई नगर नई दिल्ली-110023 दूरभाष : 011-40175169 ई-मेल : complianceofficer@psb.bank.in

सेबी ने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी-1/सीआईआर/2023/72 दिनांकित 08 जून, 2023 के माध्यम से आरटीए को सेवा अनुरोधों/शिकायतों के लिए उपयोगकर्ता-अनुकूल ऑनलाइन व्यवस्था या पोर्टल स्थापित करने की सलाह दी थी।

सेबी के परामर्श अनुसार, बैंक आरटीए (मेसर्स एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) ने नवीनतम निवेशक स्व-सेवा पोर्टल '**SWAYAM**' आरंभ किया है।
'**SWAYAM**' एक सुरक्षित, उपयोगकर्ता-अनुकूल वेब आधारित एप्लिकेशन है जो शेयरधारकों को विभिन्न सेवाओं तक सुगम पहुंच के लिए सक्षम करता है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि एप्लिकेशन पर अपना पंजीकरण करें और पोर्टल का प्रत्यक्ष अनुभव लें।

इस एप्लिकेशन को https://swayam.in.mpms.mufg.com/ पर एक्सेस किया जा सकता है।

- सेवा अनुरोध का प्रभावी समाधान - SWAYAM के माध्यम से सेवा अनुरोध/शिकायत करें और उसकी स्थिति प्राप्त करें।
- विशेषताएं – उपयोगकर्ता-अनुकूल जीयूआई।
- लाभांश/ ब्याज/ संदाय/ स्पलिट जैसी कॉरपोरेट कार्रवाई निगरानी करें।
- पैन आधारित निवेश - पैन से संबद्ध खातों, कंपनीवार धारिता और प्रतिभूति मूल्यांकन तक पहुँच प्रदान करता है।
- अदत्त राशि के लिए सहजतापूर्वक अनुरोध करें।
- स्वयं सेवा पोर्टल – अमूर्त रूप में धारित प्रतिभूतियों और भौतिक प्रतिभूतियों के लिए, जिनके फोलियो केवाईसी अनुरूप हैं।
- विवरणी - संपूर्ण धारिता और कॉरपोरेट लाभ की स्थिति का अवलोकन करें।
- लॉगिन पर द्विकारक प्रमाणीकरण (2FA) - निवेशकों के लिए सुरक्षा उन्नत करता है।

14. पैन, केवाईसी, बैंक विवरण तथा नामांकन इत्यादि प्रस्तुत करने के लिए मानदंड :

सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2023/37 दिनांकित 16.03.2023 के अनुसार, मूर्त रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को बैंक/बैंक आरटीए को उनके संबंधित फोलियो नंबर के लिए वैध पैन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण, नमूना हस्ताक्षर और नामांकन विवरण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त सेबी परिपत्र के अनुसरण में मूर्त रूप में शेयर रखने वाले समस्त शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वैध पैन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण तथा नामांकन विवरण इत्यादि नीचे दिए गए प्रपत्रों में अविलंब बैंक/आरटीए को प्रस्तुत करें :

क्र. सं.	फॉर्म/प्रपत्र	उद्देश्य
1	फॉर्म आईएसआर-1	पैन, केवाईसी विवरण पंजीकृत/अद्यतित करने के लिए।
2	फॉर्म आईएसआर-2	बैंक द्वारा प्रतिभूति धारक के हस्ताक्षर की पुष्टि के लिए।
3	फॉर्म आईएसआर-3	नामांकन के ऑप्टिंग-आउट के लिए घोषणा-पत्र।
4	फॉर्म एसएच-13	नामांकन फॉर्म।
5	फॉर्म एसएच-14	नामांकन का निरसन या परिवर्तन (यदि कोई हो)।

उपरोक्त समस्त फॉर्म (आईएसआर-1, आईएसआर-2, आईएसआर-3, एसएच-13, एसएच-14) हमारी वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in/system/uploads/document/2150_2021123116360123014.pdf पर उपलब्ध हैं।
उपरोक्त के मद्देनज़र हम शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि मेसर्स एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट सं. एनएच 2, एलएससी, सी-1 ब्लॉक, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 पर बैंक आरटीए को समर्थित दस्तावेजों सहित विधिवत भरे हुए निवेशक सेवा अनुरोध फॉर्म जमा करें।
सेबी ने अपने परिपत्र सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/2023/181 दिनांकित 17.11.2023 के माध्यम निम्नलिखित प्रावधान को समाप्त कर दिया है :

- जिन फोलियो में अनिवार्य विवरण यथा पैन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण, नमूना हस्ताक्षर और नामांकन विवरण उपलब्ध नहीं हैं, उनको अवरुद्ध/कीलन करना।
- बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 और/या धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आरटीए/सूचीबद्ध कंपनी द्वारा प्रशासनिक प्राधिकारी को फोलियो का संदर्भ देना।

15. भौतिक धारिता का अमूर्तीकरण – विशेष अनुरोध :

a) सेबी ने अपने प्रेस-विज्ञप्ति संख्या 12/2019 दिनांकित 27.03.2019 के माध्यम से निर्णय लिया है कि प्रतिभूतियों के प्रेषण या प्रतिस्थापन के प्रकरण को छोड़कर, प्रतिभूतियों के अंतरण संबंधी अनुरोधों पर तब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक कि प्रतिभूतियों को दिनांक 01.04.2019 से निक्षेपागार के पास गैर-कागज़ी (डीमैट) रूप में न रखा जाए। इसलिए, हम शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी भौतिक धारिता को अविलंब डीमैट कराएं।

b) सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियमन 40 (1) के अनुसार, भौतिक रूप में धारित प्रतिभूतियों का अंतरण दिनांक 01.04.2019 से समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार शेयरों का अंतरण उसी स्थिति में किया जा सकता है जब शेयर गैर-कागज़ी (डीमैट) रूप में रखे गए हों।

c) इसके अतिरिक्त, सेबी ने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी_आरटीएएमबी/पी/सीआईआर/2022/8 दिनांकित 25 जनवरी, 2022 के माध्यम से निर्णय लिया है कि सूचीबद्ध कंपनियां भविष्य में अनुलिपि शेयर प्रमाण-पत्र जारी करने, प्रेषण, प्रतिस्थापन इत्यादि के अनुरोधों पर कार्रवाई करते समय केवल डीमैट रूप में ही प्रतिभूतियाँ जारी करेंगी। उपरोक्त के मद्देनजर बैंक के समस्त शेयरधारकों से अनुरोध हैं कि भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक अपना शेयर अमूर्तीकृत कराएं। शेयरों को गैर-कागज़ी (डीमैट) रूप में धारित करने के प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं :

i भौतिक शेयर प्रमाण-पत्र के क्षतिग्रस्त होने अथवा गुम होने की संभावना क्षीण हो जाती है;
ii शेयर प्रमाणपत्रों के फटने या जालसाजी या विकृत होने की संभावना समाप्त हो जाती है;
iii अमूर्तीकरण से शेयरों के कागज रहित व्यापार की सुगमता और सुविधा मिलती है। एक बार निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के पास डीमैट खाता खुल जाने पर शेयरधारक सहजतापूर्वक इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर क्रय अथवा विक्रय कर सकता है।

16. भौतिक रूप में धारित शेयरों के अमूर्तीकरण के लिए प्रक्रिया

विद्यमान शेयर प्रमाण-पत्रों के विवरण में किसी प्रकार के परिवर्तन नहीं होने की स्थिति में अमूर्तीकरण की प्रक्रिया निम्नलिखित है:

(A) शेयरधारक जिनके पास डीमैट खाता नहीं है :

शेयरधारकों को अपने निकटतम निक्षेपागार सहभागी (डीपी) से संपर्क करना होगा तथा पंजाब एण्ड सिंध बैंक में धारित शेयर के अनुरूप नाम व शैली में डीमैट खाता खुलवाना होगा।
डीमैट खाता खोलने के बाद शेयरधारक को मूल शेयर प्रमाण-पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित डीमैट अनुरोध फॉर्म (डीआरएफ), डीपी को सौंपना होगा, जो इसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेगा।
आरटीए, डीआरएफ की संवीक्षा/सत्यापन करेगा तथा उचित पाए जाने पर शेयरधारक के डीमैट खाते में समान संख्या में शेयर जमा किए जाएंगे।

(B) शेयरधारक जिनके पास पहले से ही डीमैट खाता है :

जिन शेयरधारकों के पास पहले से ही डीमैट खाता है, उन्हें यह जांचना आवश्यक है कि क्या उनका विद्यमान डीमैट खाता, पंजाब एण्ड सिंध बैंक में शेयरधारिता के अनुसार उसी नाम और शैली में है। यदि हाँ, तो शेयरधारक को मूल शेयर प्रमाण-पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित डीआरएफ, निक्षेपागार सहभागी के पास जमा करना होगा जो इसे बैंक आरटीए को अग्रेषित करेगा।

आरटीए, डीआरएफ की संवीक्षा/सत्यापन करेगा तथा उचित पाए जाने पर शेयरधारक के डीमैट खाते में समान संख्या में शेयर जमा किए जाएंगे।

यदि विद्यमान डीमैट खाता, नाम के समान क्रम में नहीं है तो शेयरधारक को मार्गदर्शन के लिए अपने डीपी से संपर्क करना होगा।

यदि विद्यमान शेयर प्रमाण-पत्रों के विवरण में कोई बदलाव है तो हमारे आरटीए अर्थात एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड या उपरोक्त उल्लिखित पते पर बैंक से संपर्क करें।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06.07.2026

साकेत मेहरोत्रा
कंपनी सचिव
सदस्य संख्या-ए63265

निदेशक रिपोर्ट 2025-26

हितधारकों के लिए,

पंजाब एण्ड सिंध बैंक का निदेशक मंडल 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु बैंक के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों सहित सहर्षपूर्ण निदेशक मंडल की रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहा है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 गतिशील परिचालन परिदृश्य के रूप में चिह्नित किया गया, जिसमें वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां, भू-राजनीतिक विकास, त्वरित तकनीकी प्रगति तथा परिवर्तनशील ग्राहक अपेक्षाएं सम्मिलित हैं। इस विकास के मध्य, भारतीय अर्थव्यवस्था द्वारा सुदृढ़ घरेलू मांग, सतत सार्वजनिक निवेश, मजबूत वित्तीय क्षेत्र तथा ठोस वृहद् आर्थिकी अवसंरचना समर्थित तन्यकतापूर्ण कार्यप्रदर्शन किया जा रहा है।

इस पृष्ठभूमि में, पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने एक और वर्ष सुदृढ़ एवं संतुलित कार्य प्रदर्शन किया है, जो इसकी रणनीतिक प्राथमिकताओं की प्रभावशीलता और देश भर में इसके कार्मिकों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैंक द्वारा कारोबार के विस्तार में स्वस्थ वृद्धि, लाभप्रदता में महत्वपूर्ण सुधार, आस्ति गुणवत्ता में निरंतर मजबूती तथा डिजिटल रूपांतरण, परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहक-केंद्रित नवाचार में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गयी है।

बैंक खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों में अंशांकित विस्तार, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन, उन्नत वसूली प्रयासों और अनुशासित पूंजी आवंटन के माध्यम से सतत विकास पर केंद्रित रहा है। इसके अतिरिक्त, बैंक ने ग्राहक अनुभव में सुधार, परिचालन दक्षता बढ़ाने और जोखिम तथा अनुपालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी-आधारित पहल के माध्यम से अपने डिजिटल रूपांतरण अनुभवों को गतिशील किया है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बैंक ने वित्तीय समावेशन, सामाजिक उत्तरदायित्व, सतत बैंकिंग एवं हितधारक मूल्य निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक गूढ़ किया। ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी बाजारों में पहुंच का विस्तार करने, वित्तीय साक्षरता पहलों को सुदृढ़ करने, अर्थव्यवस्था के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों का समर्थन करने तथा राष्ट्रीय विकास उद्देश्यों में सार्थक योगदान प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं।

बोर्ड सहर्ष सूचित करता है कि बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान महत्वपूर्ण मील के पत्थर के समान प्रमुख व्यावसायिक एवं वित्तीय मापदंड हासिल किए हैं, जो इसकी फ्रेंचाइजी की बढ़ती ताकत और लचीलेपन को दर्शाता है।

वर्ष के दौरान बैंक के कार्य प्रदर्शन एवं रणनीतिक पहल की झलक इस रिपोर्ट के अगले खंडों में प्रस्तुत की गई है

बैंक के प्रदर्शन की झलक	
प्रतिष्ठित पुरस्कार	
1	केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा **एमएसएमई में सर्वश्रेष्ठ उभरते बैंक** तथा **सामाजिक योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक (उपविजेता)** के रूप में सम्मानित किया गया।
2	**एनसीजीटीसी से गारंटी में सबसे तेज वृद्धि का पुरस्कार जीता ।**
3	राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु वित्त मंत्रालय द्वारा द्वितीय पुरस्कार(क क्षेत्र) प्रदान किया गया।
कारोबार सफलता तथा आस्ति गुणवत्ता	
1	**जमा (▲ 12.37% से ₹ 1,45,829 करोड़) और सकल अग्रिम (▲ 18.29% से ₹ 1,17,823 करोड़) में मजबूत वृद्धि के कारण कुल कारोबार ₹ 2.63 लाख करोड़ (▲ 14.94%), को पार कर गया।**
2	**आस्तियों पर प्रतिलाभ में (आरओए) 0.79% वृद्धि से शुद्ध लाभ 30.12% बढ़कर ₹ 1,322 करोड़ हो गया।**
3	**2.40% (3.38% से निम्न)** से सकल एनपीए तथा 0.79% से निवल एनपीए में भारी गिरावट दर्ज की गयी। **प्रावधान कवरेज अनुपात 90.91%** से मजबूत रहा।
4	बासेल।।। के तहत 17.42% का सुदृढ़ पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) बनाए रखा।
परिवर्तनकारी आईटी पहल	
1	**तत्काल धोखाधड़ी निवारण**: **म्युलहंटर एआई** को परिनियोजित करने हेतु आरबीआईएच के साथ साझेदारी की गई, जिससे धोखाधड़ी ज्ञात करने में लगभग वास्तविक समय, प्रति घंटा प्रसंस्करण मॉडल में सुधार किया जा सके।
2	वास्तविक समय में डिजिटल लेनदेन जोखिम स्तरों तथा डिस्कनेक्ट मोबाइल लिंक को ट्रैक करने के लिए **एफआरआई और एमएनआरएल प्रणाली** को लागू किया गया।
3	**तकनीकी आधुनिकीकरण:** उन्नत निजी क्लाउड अवसंरचना एवं **केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी)** के लिए स्थापित तत्परता।
गिफ्ट सिटी विस्तार	
वैश्विक पदचिह्न: वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर **गिफ्ट सिटी, गांधीनगर** में एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) बैंकिंग इकाई की स्थापना के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की प्राप्ति थी। इससे बैंक को गांधीनगर की गिफ्ट सिटी में एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) बैंकिंग इकाई का आरंभ करने की दिशा में अग्रेषित होने में समर्थन प्राप्त होगा, जिससे वैश्विक व्यापार वित्त संचालन को केंद्रीकृत किया जाएगा।	
ग्राहक सुविधा और सामाजिक समावेशन	
1.	**रैम पोर्टफोलियो में वृद्धि**: कुल अग्रिमों में खुदरा, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) खंड का 58.80% अंश है, जिसमें एमएसएमई में 29.70% की वृद्धि और खुदरा में 24.59% की वृद्धि तथा कृषि में 23.44% की वृद्धि हुई।
2	**ज़मीनी स्तर पर प्रभाव**: अपने **मुद्रा लक्ष्य** का **102%** (₹3,062 करोड़ का संवितरण) प्राप्त किया तथा **पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई जैसी प्रमुख सामाजिक योजनाओं के लिए वार्षिक मापदंड** को पार कर लिया।

1. आर्थिक एवं बैंकिंग परिदृश्य

a. वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

2025-26 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, व्यापार की परिवर्तित गतिशीलता, कुछ क्षेत्रों में मुद्रास्फीति के दबाव और केंद्रीय बैंकों द्वारा विकसित मौद्रिक नीति प्रतिक्रियाओं द्वारा चिह्नित जटिल परिवेश का सामना कर रही है। इन चुनौतियों के बावजूद, तकनीकी नवाचार, डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश और आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्रमिक सामान्यीकरण द्वारा समर्थित, कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक गतिविधि लचीली बनी रही।

वैश्विक वित्तीय क्षेत्र में परिचालन तन्यकता, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्थिरता और जलवायु से संबंधित वित्तीय जोखिमों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। तेजी से बदलते परिवेश में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए दुनिया भर के वित्तीय संस्थानों ने प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण और ग्राहक-केंद्रित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण निवेश जारी रखा है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने जनवरी 2026 के विश्व आर्थिक आउटलुक अपडेट में, 2026 हेतु वैश्विक विकास पूर्वानुमान को 20 आधार अंक से बढ़ाकर 3.3 प्रतिशत कर दिया, जबकि 2027 के पूर्वानुमान को 3.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा। यद्यपि,ओईसीडी ने अपने मार्च 2026 के आर्थिक आउटलुक में 2026 के लिए 2.9 प्रतिशत तथा 2027 के लिए 3.0 प्रतिशत की वैश्विक वृद्धि का अनुमान लगाते हुए एक सतर्क दृष्टिकोण बनाए रखा। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें तथा भू-राजनीतिक घटनाक्रम वैश्विक विकास, मुद्रास्फीति और वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम उत्पन्न कर रहे हैं।

b. भारतीय आर्थिक परिदृश्य

भारत ने विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बनाए रखा है। मजबूत घरेलू खपत, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर नियमित व्यय, विनिर्माण गतिविधि में विस्तार, निजी क्षेत्र के बढ़ते निवेश तथा मजबूत सेवा क्षेत्र से विकास को समर्थन मिला।

देश के वृह्द आर्थिक आधारभूत तत्वों में प्रबंधनीय मुद्रास्फीति, स्वस्थ विदेशी मुद्रा भंडार, मजबूत कर संग्रह और निरंतर नीतिगत सुधारों द्वारा समर्थित है। सरकार की पहल द्वारा आधारभूत ढांचे के विकास, वित्तीय समावेशन, डिजिटल रूपांतरण तथा व्यापार की सुगमता के उद्देश्य से आर्थिक विकास के पथ का सुदृढ़ीकरण हुआ है।

वर्ष-दर-वर्ष उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल 2025 की तुलना में अप्रैल 2026 में 3.48 प्रतिशत (अनंतिम) रही। वर्तमान मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के कथनानुसार, वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि प्रथम तिमाही में 4.0 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 4.4 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 5.2 प्रतिशत और चतुर्थ तिमाही में 4.7 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने हालिया एमपीसी वक्तव्य में 2026-27 के लिए वास्तविक जीडीपी विकास अनुमान को 6.9 प्रतिशत पर बनाए रखा है, जिसमें तिमाही अनुमान 6.8 प्रतिशत प्रथम तिमाही, 6.7 प्रतिशत द्वितीय

तिमाही, 7.0 प्रतिशत तृतीय तिमाही तथा 7.2 प्रतिशत चतुर्थ तिमाही है। हालांकि, ऊर्जा की उच्च कीमतें, आपूर्ति व्यवधान और वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता, विकास और निर्यात के लिए निकट अवधि चुनौतियां उत्पन्न कर सकती हैं।

c. **बैंकिंग क्षेत्र अवलोकन**

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारतीय बैंकिंग क्षेत्र बेहतर तुलन-पत्र, स्वस्थ पूंजी स्थिति, मजबूत लाभप्रदता और आस्ति गुणवत्ता में निरंतर सुधार के समर्थन द्वारा सशक्त एवं सुदृढ़ बना रहा।

खुदरा, कृषि, एमएसएमई और आधारभूत ढांचा क्षेत्रों में ऋण वृद्धि व्यापक आधार पर बनी रही, जबकि बैंकों ने बढ़ती प्रतिस्पर्धा के मध्य जमा संग्रहण के प्रयासों को गतिशील किया है। सुविधाजनक, सुरक्षित और प्रौद्योगिकी-सक्षम वित्तीय सेवाओं के लिए ग्राहकों की बढ़ती प्राथमिकता के कारण डिजिटल बैंकिंग अपनाने में तेजी जारी रही।

अभिशासन, जोखिम प्रबंधन, परिचालन मजबूती, साइबर सुरक्षा तथा ग्राहक सुरक्षा पर नियामक केंद्रण द्वारा बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र की समग्र स्थिरता और स्थायित्व को मजबूत किया गया।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक उत्तरदायी तथा समावेशी बैंकिंग के माध्यम से राष्ट्र के विकास एजेंडे का समर्थन करते रखते हुए, उभरते अवसरों से लाभांवित होने हेतु पूर्णतः तत्पर है।

2. वित्तीय कार्य-प्रदर्शन

बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया, जो कारोबार के परिमाण में स्वस्थ वृद्धि, परिचालन दक्षता में सुधार, जोखिम प्रबंधन पद्धतियों में सुधार तथा आस्ति गुणवत्ता में सुधार हेतु केंद्रित प्रयासों से प्रेरित है।

a. **कारोबार वृद्धि**

कुल कारोबार में 14.94%(वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि हुई है तथा 31 मार्च 2026 को कुल कारोबार ₹2,63,652 करोड़ हो गया।

b. **जमाराशि वृद्धि**

बैंक जमाराशि 12.37%(वर्ष दर वर्ष) बढ़कर विगत वर्ष के ₹1,29,774 करोड़ की तुलना में ₹1,45,829 करोड़ हो गयी। खुदरा जमा एक प्रमुख केंद्रित क्षेत्र बना रहा तथा वर्ष के दौरान इसमें स्वस्थ कर्षण अवलोकित किया गया। खुदरा सावधि जमा 19.58% (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर ₹ 65,047 करोड़ हो गई, जो बैंक की फ्रेंचाइजी एवं उत्पाद प्रस्तुतियों में ग्राहकों के मजबूत विश्वास को प्रदर्शित करता है।

कासा जमा में 10.02% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि से ₹ 44,876 करोड़ हो गया, जिससे बैंक की विकास पहलों के लिए एक स्थिर और लागत प्रभावी वित्तपोषण आधार प्रदान हुआ।

c. **अग्रिम वृद्धि**

सकल अग्रिम में 18.29% (वर्ष-दर-वर्ष) की सुदृढ़ वृद्धि दर्ज की गई तथा यह विगत वर्ष के ₹ 99,605 करोड़ से बढ़कर ₹ 1,17,823 करोड़ हो गयी।

बैंक ने खुदरा, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों पर निरंतर जोर देते हुए संतुलित क्रेडिट पोर्टफोलियो बनाए रखा, साथ ही अपने कॉर्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो का चयनित रूप से विस्तार किया। 31.03.2025 को रैम अग्रिम का अंश सकल अग्रिमों का 55.15% था जो, बढ़कर 58.80% हो गया, यह समावेशी और विविध विकास के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

d. **आस्ति गुणवत्ता**

एक उच्च गुणवत्ता वाला आस्ति पोर्टफोलियो हमारी दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता की आधारशिला के रूप में कार्य करता है। हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बैंक ने मजबूत क्रेडिट अनुशासन एवं सशक्त जोखिम प्रबंधन व्यवहार को बनाए रखा है, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्रमुख आस्ति गुणवत्ता मापदंडों में महत्वपूर्ण सुधार को प्रदर्शित करता है।

31 मार्च, 2026 को ₹ 2,830.77 करोड़ (2.40%) के साथ बैंक के सकल एनपीए में काफी गिरावट दर्ज की गई, जबकि 31 मार्च, 2025 को यह ₹ 3,370.06 करोड़ (3.38%) था।

बैंक के निवल एनपीए में भी सकारात्मक कमी अवलोकित की गई, जो विगत वित्तीय वर्ष में ₹ 937.07 करोड़ (0.96%) की तुलना में 31 मार्च, 2026 को घटकर ₹ 919.19 करोड़ (0.79%) हो गया।

बैंक की मजबूत तन्यक बफरिंग क्षमता का प्रदर्शन करते हुए, 31 मार्च, 2026 को प्रावधान कवरेज अनुपात 90.91% रहा, जबकि 31 मार्च, 2025 को यह 91.38% था।

उन्नत क्रेडिट निगरानी तथा सक्रिय वसूली तंत्र नए स्लिपेज को नियंत्रित करने में सहायक हुआ है। 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के स्लिपेज अनुपात में 0.70% तक वृद्धि हुई है जबकि यह 31 मार्च, 2025 को 0.99% से कम था।

e. **लाभप्रदता**

वर्ष के दौरान बैंक की लाभप्रदता में काफी सुधार हुआ, जो निरंतर व्यापार वृद्धि, बेहतर परिचालन दक्षता और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता को दर्शाता है।

परिचालन लाभ ₹ 2,182 करोड़ रहा। शुद्ध लाभ में 30.12% की वृद्धि हुई और यह विगत वर्ष के ₹1,016 करोड़ की तुलना में ₹ 1,322 करोड़ तक हो गया।

आस्तियो पर प्रतिलाभ में सुधार हुआ और यह 0.79% हो गया, जो बेहतर आय गुणवत्ता तथा आस्तियों के कुशलतम उपयोग को दर्शाता है।

ब्याज आय, ट्रेजरी संचालन, शुल्क-आधारित आय और दवाबग्रस्त आस्तियों से वसूली के संतुलित संयोजन के माध्यम से बैंक की आय प्रोफाइल सुदृढ़ रही।

f. **पूंजी पर्याप्तता**

बैंक ने संपूर्ण वर्ष में पूंजी की मजबूत स्थिति बनाए रखी, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित नियामक आवश्यकताओं से अत्यधिक है।

31 मार्च, 2026 को बेसल-3 के तहत पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.42% था, जबकि सीईटी-1 अनुपात 15.92% बना रहा।

मजबूत पूंजी आधार संभावित आर्थिक अनिश्चितताओं की तुलना में प्रतिस्थितित्व बनाए रखते हुए भविष्य के व्यापार विकास को समर्थन देने की पर्याप्त क्षमता प्रदान करता है।

3. कारोबार वृद्धि तथा रणनीतिक पहल

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक की विकास रणनीति कोर बैंकिंग फ्रेंचाइजी के सुदृढ़ीकरण, ग्राहक जुड़ाव को बढ़ाने, डिजिटल सेवाओं को यथाशीघ्र ग्रहण करने, परिचालन दक्षता में सुधार करने तथा उच्च व्यावसायिक विकास खंडों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने पर आधारित रही।

बैंक ने विवेकपूर्ण बीमा लेखन मानकों और मजबूत जोखिम अभिशासन निर्मित करते हुए खुदरा, कृषि, एमएसएमई तथा कॉर्पोरेट पोर्टफोलियो के सतत विस्तार पर केंद्रित एक संतुलित विकास मॉडल का अनुसरण किया। खुदरा जमा बढ़ाने, ग्राहकों के साथ संबंधों की प्रगाढ़ता बढ़ाने, क्रॉस-सेलिंग अवसरों में सुधार एवं समग्र ग्राहक अनुभव को विस्तारित करने पर रणनीतिक बल दिया गया।

वर्ष के दौरान, बैंक ने ग्राहकों के अनुभवों को सरलीकृत करके, प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवोन्मेषी उत्पादों और सेवाओं को शुरू करके विकास के प्रमुख प्रवर्तक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना जारी रखा। इन पहलों ने द्रुततापूर्ण सेवा संवितरण को सक्षम किया, परिचालन दक्षता में सुधार किया और तेजी से डिजिटल बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में बैंक की प्रतिस्पर्धात्मकता को सशक्त किया है।

बैंक की रणनीतिक पहलें पांच प्रमुख प्राथमिकताओं द्वारा निर्देशित थीं:

- **खुदरा बैंकिंग फ्रेंचाइजी का सुदृढ़ीकरण करना**

बैंक ने तदनुकूल उत्पादों, बेहतर डिजिटल माध्यमों तथा उत्कृष्ठ सेवा वितरण प्रणाली के माध्यम से अपने खुदरा ग्राहक आधार का निरंतर विस्तार किया है। आवास ऋण, वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण तथाअन्य खुदरा ऋण उत्पादों पर लक्ष्य केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न जनसांख्यिकी के ग्राहकों की विकसित होने वाली आवश्यकताओं की पूर्ति करना रहा।

- **एमएसएमई और कृषि वित्तपोषण का विस्तार**

आर्थिक विकास तथा रोजगार सृजन संचालन में एमएसएमई और कृषि के महत्व को चिह्नित करने हुए, बैंक ने उद्यमियों, किसानों और ग्रामीण उद्यमों को समयानुरूप एवं सुलभ ऋण प्रदान करने के अपने प्रयासों को गतिशील किया। डिजिटल क्रेडिट आकलन प्रणाली और सरलीकृत ऋण उत्पत्ति प्रक्रियाओं का उपयोग सुगम्यता और परिवर्तन समय में सुधार के लिए किया गया था।

- **डिटिजल-फर्स्ट ग्राहक अनुभव**

बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई-आधारित सेवाओं और डिजिटल ऋण क्षमताओं को मजबूत करके अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा में तेजी लाई। निर्बाध और सुरक्षित बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए ग्राहक ऑन-बोर्डिंग, लेनदेन प्रसंस्करण, भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र और स्व-सेवा चैनलों में महत्वपूर्ण निवेश किया गया था।

- **देयता फ्रेंचाइजी को मजबूत करना**

वर्ष के दौरान जमा संसाधित करना एक प्रमुख रणनीतिक केंद्र रहा। बैंक ने कासा जमा वृद्धिकरण, खुदरा जमा निवेश बढ़ाने तथा अनुकूलित प्रस्तावों और बेहतर सेवा गुणवत्ता के माध्यम से वर्तमान ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए लक्षित रणनीतियों को अपनाया।

- **परिचालन दक्षता में वृद्धि करना**

बैंक ने प्रक्रिया सरलीकरण, संचालन के केंद्रीकरण, स्वचालन और प्रौद्योगिकी-सक्षम नियंत्रण की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखा। उक्त पहलों के माध्यम से उत्कृष्ट दक्षता, उच्च जोखिम प्रबंधन तथा विस्तारित ग्राहक संतुष्टि में योगदान प्राप्त हुआ है। इन रणनीतिक पहलों के माध्यम से, बैंक ने लाभप्रदता, ग्राहक विश्वास और दीर्घकालिक स्थिरता पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी बाजार स्थिति को मजबूत किया।

4. खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई(रैम) कारोबार

खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) बैंकिंग बैंक की विकास रणनीति की आधारशिला बनी रही, जोकि 31 मार्च, 2026 तक सकल अग्रिम का 58.80% थी।

बैंक ने क्रेडिट उपलब्धता में सुधार तथा ग्राहक सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से नवीन उत्पादों, सरलीकृत प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी-सक्षम समाधानों की प्रस्तुति के माध्यम से रैम ऋण प्रदान करने हेतु ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया।

a. खुदरा बैंकिंग

आवास, व्यक्तिगत और वाहन ऋण क्षेत्रों में उच्च मांग के कारण खुदरा बैंकिंग ने वर्ष के दौरान मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी। खुदरा अग्रिम में 24.59% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई तथा यह 31 मार्च, 2026 को ₹ 27,498 करोड़ तक दर्ज की गयी। बैंक ने शाखा-आधारित अधिग्रहण, डिजिटल सोर्सिंग माध्यमों रणनीतिक साझेदारी के संयोजन द्वारा अपने खुदरा ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रण किया। टर्नअराउंड समय में सुधार, दस्तावेजीकरण आवश्यकताओं के सरलीकरण तथा ग्राहक अनुभव को बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

बैंक की खुदरा फ्रेंचाइजी को मजबूत करने के लिए वर्ष के दौरान कई पहल की गईं, जिनमें डिजिटल ऋण उत्पत्ति क्षमता, स्वचालित क्रेडिट मूल्यांकन प्रक्रिया तथा एण्ड-टू-एण्ड डिजिटल ग्राहक अनुभव सम्मिलित हैं।

बैंक विवेकपूर्ण बीमा लेखन मानकों और पोर्टफोलियो गुणवत्ता को निर्मित करते हुए खुदरा ऋण क्षेत्र में सुगम्यता के विस्तार हेतु प्रतिबद्ध है।

बैंक द्वारा टर्नअराउंड समय एवं ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए खुदरा खंडों में ऋण के डिजिटलीकरण में तीव्रता अपनाई है। निम्नलिखित योजनाओं को डिजिटलीकृत किया गया है:

- डिजिटल शिक्षा ऋण **₹7.5 लाख** तक उच्च शिक्षा वित्तपोषण तक त्वरित, कागज़ रहित अभिगम्यता सुनिश्चित करता है।
- **₹5 लाख तक** के डिजिटल व्यक्तिगत ऋण पूर्णतः डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से तत्काल, बाधारहित ऋण प्रदान करते हैं
- **₹50 लाख** तक के डिजिटल पूर्व-स्वामित्व वाले कार ऋण ग्राहकों की सुविधा एवं उपयोग किए गए वाहन खरीद में विश्वास को बढ़ावा देते हुए निर्बाध वित्तपोषण प्रस्तुत करते हैं
- **₹2 लाख** तक के डिजिटल रूफटॉप सोलर ऋण स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा अंगीकरण को प्रोत्साहित करते हैं।

b. कृषि बैंकिंग

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनी हुई है जो बैंक के लिए एक प्रमुख केंद्रीयकृत क्षेत्र है।

कृषि अग्रिम में 23.44% (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई तथा यग 31 मार्च, 2026 को ₹ 16,610 करोड़ बनी रही।

बैंक ने ऋण उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला के माध्यम से किसानों, कृषि-व्यवसायों, डेयरी उद्यमों, बागवानी गतिविधियों और संबद्ध कृषि क्षेत्रों का समर्थन बनाए रखा।

कृषि मशीनीकरण, सिंचाई परियोजनाओं, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों और आय-उत्पादक कृषि गतिविधियों के वित्तपोषण पर विशेष ध्यान दिया गया। बैंक ने ग्रामीण विकास तथा कृषि समृद्धि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का भी सक्रिय रूप से समर्थन किया।

बैंक वित्तीय समावेशन को अग्रेषित करनेत तथा उत्तरदायी एवं सतत वित्तपोषण के माध्यम से कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

c. एमएसएमई बैंकिंग

एमएसएमई क्षेत्र रोजगार सृजन, उद्यमिता और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहता है।

एमएसएमई अग्रिम में (वर्ष-दर-वर्ष) 29.70% की वृद्धि हुई और वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान ₹25,169 करोड़ तक पहुंच गया।

बैंक ने अनुकूलित वित्तपोषण समाधानों, डिजिटल ऋण मूल्यांकन उपकरणों और सरलीकृत ऋण प्रसंस्करण तंत्र के माध्यम से अपने एमएसएमई विशेष विक्रय अधिकार को मजबूत करना जारी रखा। प्रौद्योगिकी-सक्षम ऋण प्लेटफार्म और संबंध-आधारित बैंकिंग के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप और उभरते व्यवसायों को सहायत प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैंक ने एमएसएमई पारिस्थितिक को मजबूत करने और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी पहलों का समर्थन करना जारी रखा।

बैंक का ट्रेड्स (TReDS) संविभाग भी वित्त वर्ष 2025 में ₹1787 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में ₹3100 करोड़ हो गया है।

बैंक ने इस कार्य को पूरा करने का समय और ग्राहक अनुभव में सुधार के लिए एमएसएमई क्षेत्र में ऋण के डिजिटलीकरण में तेजी लाई है। निम्नलिखित योजनाओं को डिजीटल किया गया है:

- कारोबार की बदलती वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए ₹100 लाख तक के लिए डिजिटल एमएसएमई ऋण प्रारंभ किया गया है।
- ऋण स्वयं सहायता समूहों को त्वरित और सुविधाजनक ऋण प्रदान करके डिजिटल एसएचजी वित्तीय समावेशन को मजबूत कर रहा है।
- डिजिटल विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि ऋण कारीगरों, शिल्पकारों और स्ट्रीट वेंडर को निर्बाध वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।
- ₹50 लाख तक के वाणिज्यिक वाहनों के लिए डिजिटल वाणिज्यिक वाहन ऋण पूरी तरह से ऑनलाइन वित्तपोषण समाधान प्रदान कर रहा है।

5. मुद्रा

उद्यमिता और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत , बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) में सक्रिय रूप से सहभागिता सुनिश्चित की है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने अपने वार्षिक मुद्रा ऋण लक्ष्य का 102% प्राप्त किया और इसके अंतर्गत ₹ 3,062 करोड़ के ऋण वितरित किए।

इन पहलों से जमीनी स्तर पर वित्तीय समावेशन, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

6. डिजिटल रूपांतरण और तकनीक समर्थित बैंकिंग

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक के लिए डिजिटल रूपांतरण एक रणनीतिक प्राथमिकता बनी रही। बैंक ने ग्राहक अनुभव को बढ़ाने, परिचालन दक्षता में सुधार करने, सुरक्षा को मजबूत करने और भविष्योन्मुख बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के उद्देश्य से कई पहल की है।

बैंक की डिजिटल रणनीति प्रौद्योगिकी-सक्षम प्लेटफार्मों के माध्यम से निर्बाध, सुरक्षित और सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है, जबकि अभिशासन और ग्राहक सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाता है।

- **डिजिटल बैंकिंग पारिस्थितिकी को मजबूत करना**

वर्ष के दौरान, बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और भुगतान प्लेटफार्मों के उन्नयन के माध्यम से अपनी डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं को अधिक विस्तृत किया है।

खुदरा और कॉरपोरेट बैंकिंग माध्यमों में कई ग्राहक-केंद्रित कार्यक्षमताओं को पेश किया गया, जिससे ग्राहकों को स्वयं-सेवा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंचने में सक्षम बनाया गया।

इन संवर्द्धनों में खाता सेवा, जमा प्रबंधन, भुगतान प्रसंस्करण, ग्राहक ऑन-बोर्डिंग, लाभार्थी सत्यापन, कर भुगतान सुविधाएं और शिकायत प्रबंधन और लेनदेन सुरक्षा तंत्र में सुधार शामिल थे।

- **डिजिटल ऋण रूपांतरण**

बैंक ने कई व्यावसायिक खंडों में ऋण प्रदान की प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण में गतिशीलता अपनाई है।

एमएसएमई ऋण, स्वं-सहायता समूह ऋण, पीएम विश्वकर्मा ऋण, पीएम स्वनिधि ऋण, वाणिज्यिक वाहन ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण और आवास ऋण को कवर करने वाले डिजिटल ऋण समाधानों को वर्ष के दौरान और मजबूत किया गया।

डिजिटल ऋण ढांचे ने मजबूत ऋण प्रदान करने से पूर्व ग्राहक की ऋण चुकौती क्षमता की बहुत बारीकी और सख्ती से जांच कर प्रसंस्करण समय को काफी कम कर दिया है, जिसके कारण परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है और ग्राहकों की सुविधा भी बढ़ी है।

- **भुगतान प्रणाली और यूपीआई नवाचार**

बैंक ने यूपीआई सेवाओं, मर्चेंट ऑन-बोर्डिंग क्षमताओं, पॉजिटिव पे प्रणाली और धोखाधड़ी निवारण उपायों में वृद्धि के माध्यम से अपने डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना किया है।

एनपीसीआई दिशानिर्देशों के अनुरूप ग्राहक सुरक्षा हेतु कई प्रावधान प्रभावी किए गए, जिसमें बेहतर ऑनबोर्डिंग नियंत्रण, लाभार्थी सत्यापन प्रणाली और लेनदेन जोखिम शमन तंत्र शामिल थे।

इन पहलों ने डिजिटल भुगतान माध्यमों को सुरक्षित रूप से अपनाने को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्राहकों के विश्वास को मजबूत किया है।

- **प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण**

बैंक ने मापनीयता, लचीलापन और भविष्य की तैयारी को बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण पहल प्रारंभ की है।

इनके प्रमुख पहलों में शामिल हैं:

- निजी क्लाउड आधारभूत संरचना को मजबूत करना।
- केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के लिए तत्परता।
- एकीकरण और नवाचार के लिए एपीआई-सक्षम आर्किटेक्चर।
- उन्नत डिजिटल ऑन-बोर्डिंग क्षमताएं।
- परिचालन प्रक्रियाओं का स्वचालन।
- उद्यम-व्यापी प्रौद्योगिकी शासन को मजबूत करना।

इन पहलों से बैंक की दीर्घकालिक डिजिटल बदलाव की यात्रा के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने की संभावना है।

7. अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग

बैंक के अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग संचालन ने वैश्विक व्यापार और सीमा पार व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित ग्राहकों का सहयोग करने के उद्देश्य से रणनीतिक भूमिका निभाई है। अपने बढ़ते व्यापार वित्त क्षमताओं, विदेशी मुद्रा सेवाओं और प्रतिनिधि बैंकिंग संबंध के माध्यम से, बैंक अपने ग्राहकों के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अवसरों को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने अपने अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग ढांचे को मजबूत करने, परिचालन दक्षता में सुधार करने और ग्राहक सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए कई पहल की।

- **अंतरराष्ट्रीय व्यापार वित्त संचालन का केंद्रीकरण**

अपने परिचालन परिवर्तन एजेंडा के भाग के रूप में, बैंक अंतरराष्ट्रीय व्यापार वित्त संचालन के केंद्रीकरण को लागू करने के उन्नत चरण में है। आउटवर्ड रेमिटेंस मैनेजमेंट (ओआरएम) और इनवर्ड रेमिटेंस मैनेजमेंट (आईआरएम) से संबंधित प्रमुख मॉड्यूल बैंक के नेटवर्क में प्रारंभ किए गए थे, जिससे अधिक मानकीकरण, बेहतर नियामक अनुपालन और बेहतर प्रसंस्करण दक्षता को सक्षम किया गया।

- **गिफ्ट सिटी में विस्तार**

वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर गांधीनगर के अंतर्गत गिफ्ट सिटी में एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) बैंकिंग इकाई की स्थापना के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त हुआ है। वित्त वर्ष 2026-27 की अवधि के दौरान गिफ्ट सिटी शाखा की स्थापना के लिए सक्षम प्राधिकारी से अन्य आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में है।

गिफ्ट सिटी में प्रस्तावित उपस्थिति बैंक को अपने अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग पदचिह्न का विस्तार करने, नए व्यावसायिक अवसरों तक पहुंचने और वैश्विक वित्तीय बाजारों में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाएगी। यह पहल उपहार सिटी को विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में विकसित करने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

8. ग्राहक अनुभव और सेवा उत्कृष्टता

ग्राहक-केंद्रितता बैंक की व्यावसायिक विचारधारा के केंद्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने और दीर्घकालिक संबंध बनाने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी, प्रक्रिया सुधार और सेवा वितरण तंत्र में निवेश करना जारी रखा है। बैंक की ग्राहक सेवा रणनीति पारदर्शिता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए भौतिक और डिजिटल माध्यमों पर निर्बाध, सुरक्षित और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है।

- **ग्राहक सहभागिता**

बैंक ने अपने 24x7 संपर्क केन्द्र परितंत्र के आधुनिकीकरण के माध्यम से अपने उपभोक्ता सहभागिता ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

अपग्रेड किया गया प्लेटफ़ॉर्म ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं और सहायता तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने हेतु एक माध्यम प्रदान करता है, तथा यह डिजिटल और स्वयं-सेवा माध्यमों को एकीकृत करता है। उन्नत ग्राहक संबंध प्रबंधन क्षमताओं ने ग्राहक प्रश्नों, शिकायतों, प्रतिक्रिया और सेवा अनुरोधों को अधिक कुशलता से प्रबंधन करने में सक्षम बनाता है।

बहुभाषी समर्थन और स्वयं-सेवा कार्यक्षमताओं की शुरूआत ने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए पहुंच और सुविधा में और सुधार किया है।

- **कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एनालिटिक्स का लाभ उठाना**

बैंक ने ग्राहक अनुभव और परिचालन प्रभावशीलता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), विश्लेषण और स्वचालन का लाभ उठाना जारी रखा।

ग्राहक संपर्क, सेवा गुणवत्ता निगरानी और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सहयोग करने के लिए एआई-सक्षम उपकरण, ज्ञान प्रबंधन प्लेटफॉर्म, आभासी सहायक और उन्नत विश्लेषण समाधान तैनात किए गए हैं।

इन पहलों ने ग्राहकों के प्रश्नों का त्वरित समाधान करने, सेवा में निरंतरता बढ़ाने और ग्राहकों की सहभागिता में सुधार करने में मदद की है।

- **ग्राहक सुरक्षा को मजबूत करना**

ग्राहक सुरक्षा और विश्वास बैंक की सेवा दर्शन के केंद्र में बने हुए हैं।

लेन-देन सुरक्षा को मजबूत करने, धोखाधड़ी निवारण तंत्र में सुधार करने और डिजिटल बैंकिंग जोखिमों के बारे में ग्राहकों की जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान कई पहल की गई।

बैंक, एक सुरक्षित, विश्वसनीय और ग्राहक-अनुकूल बैंकिंग वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

9. पर्यावरणीय, सामाजिक और स्थिरता पहल

बैंक का यह विश्वास है कि सतत विकास दीर्घकालिक मूल्य निर्माण और जिम्मेदार बैंकिंग के लिए अभिन्न है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने अपनी व्यावसायिक रणनीति, उधार प्रथाओं और परिचालन ढांचे में पर्यावरणीय और सामाजिक विचारों को एकीकृत करना जारी रखा।

बैंक पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार और सामाजिक रूप से समावेशी विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत के स्थिरता उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- **सतत वित्तपोषण**

बैंक ने नवीकरणीय ऊर्जा और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर्पित वित्तपोषण पहलों के माध्यम से पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ परियोजनाओं को पोषित किया है।

पीएसबी सौर ऊर्जा पहल के तहत, रूफटॉप और ग्राउंड-माउंटेड सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना के लिए वित्त पोषण सहायता प्रदान की गई थी। ये पहल कार्बन उत्सर्जन को कम करने, स्वच्छ ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देने और सतत आर्थिक विकास का समर्थन करने में योगदान करती हैं।

- **सामाजिक उत्तरदायित्व और समावेशी विकास**

बैंक ने अपने ऋण, पहुंच और सामाजिक पहलों के माध्यम से वित्तीय समावेशन, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और वंचित वर्गों के लिए सहयोग को प्राथमिकता दी है।

उत्तरदायी बैंकिंग के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता वित्तीय प्रदर्शन से परे है और सतत और समावेशी राष्ट्रीय विकास में योगदान करने में इसकी व्यापक भूमिका को दर्शाती है।

10. ब्रांड निर्माण और कॉरपोरेट संचार

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने ब्रांड दृश्यता को मजबूत करने, हितधारकों की भागीदारी बढ़ाने और एक विश्वसनीय और प्रगतिशील सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए कई अतिरिक्त पहल की।

बैंक ने अपनी पहुंच और ग्राहक जुड़ाव में सुधार के लिए पारंपरिक और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म दोनों का लाभ उठाते हुए एक बहु-माध्यम संचार रणनीति अपनाई है।

ब्रांड दृश्यता पहलों में रणनीतिक विज्ञापन अभियान, पारगमन मीडिया, हवाई अड्डे के प्रदर्शन, मेट्रो स्टेशन ब्रांडिंग, रेलवे विज्ञापन और प्रमुख उद्योग कार्यक्रमों और सम्मेलनों में भागीदारी शामिल थी।

इन पहलों ने ब्रांड पहचान बढ़ाने, ग्राहकों की जागरूकता में सुधार करने और बाजारों में व्यापार विकास प्रयासों का समर्थन करने में योगदान दिया है।

11. कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

बैंक समुदायों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और सतत विकास का समर्थन करने के उद्देश्य से सार्थक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान सीएसआर पहल स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, सामुदायिक विकास, पर्यावरण स्थिरता और समाज के कमजोर वर्गों के समर्थन पर केंद्रित थी।

बैंक ने अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को एम्बुलेंस, पानी के कूलर, व्हीलचेयर, चिकित्सा उपकरण और अन्य आवश्यक संसाधनों के वितरण के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे के लिए सहायता प्रदान की।

शिक्षा और बाल विकास के क्षेत्र में, बैंक ने स्थानीय प्रशासन और सामुदायिक हितधारकों के सहयोग से मॉडल आंगनवाड़ियों के विकास सहित विभिन्न पहलों का समर्थन किया।

ग्रामीण विकास परियोजनाओं, सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों और वैकल्पिक ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने वाली पहलों के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

अपने सीएसआर हस्तक्षेपों के माध्यम से, बैंक स्थायी सामाजिक प्रभाव पैदा करना चाहता है और समावेशी और सतत विकास में सार्थक योगदान देना चाहता है।

12. वित्तीय समावेशन और सरकारी व्यवसाय

वित्तीय समावेशन बैंक के मिशन का एक मुख्य स्तंभ बना हुआ है और राष्ट्रीय विकास में इसके योगदान का एक प्रमुख घटक है।

बैंक ने किफायती बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय उत्पादों तक पहुंच का विस्तार करना जारी रखा, विशेष रूप से समाज के वंचित और गैर-बैंकिंग वर्गों के बीच।

- **कारोबार प्रतिनिधि नेटवर्क को मजबूत करना**

बैंक ने वर्ष के दौरान अपने कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) नेटवर्क का महत्वपूर्ण विस्तार किया।

पिछले वर्ष के 2,083 की तुलना में 31 मार्च, 2026 तक कारोबार प्रतिनिधि की संख्या बढ़कर 3,027 हो गई, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में पहुंच में काफी सुधार हुआ।

विस्तारित नेटवर्क ने बैंक को वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों का सहयोग करते हुए ग्राहकों के करीब बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाया है।

- **वित्तीय साक्षरता और क्षमता निर्माण**

बैंक ने वित्तीय साक्षरता केंद्रों (एफएलसी), वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) पहलों और गांवों और ग्रामीण समुदायों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इन पहलों में बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, बचत, बीमा, पेंशन और जिम्मेदार वित्तीय प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

वर्ष के दौरान हजारों व्यक्तियों ने इन कार्यक्रमों से लाभ अर्जित किया, जिससे वित्तीय जागरूकता और समावेशन में वृद्धि हुई।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने सक्रिय रूप से कुल 795 जागरूकता शिविरों का आयोजन किया, जिसमें 12,457 व्यक्तियों की उत्साही भागीदारी अवलोकित की गई।

इसके अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हमारे बैंक को वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) परियोजना के चरण 1 और चरण 3 के कार्यान्वयन के लिए एक प्रायोजक बैंक के रूप में नामित किया है। इस पहल के अंतर्गत पंजाब राज्य के 17 ब्लॉकों में 17 सीएफएल की स्थापना की गई, जो कुल 51 ब्लॉकों में प्रभावी रूप से सेवा प्रदान करते हैं। इस परियोजना के तहत, 9,469 शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें 229,106 व्यक्तियों को वित्तीय साक्षरता और प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

- **सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदर्शन**

बैंक ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और विभिन्न प्रमुख सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में अनुकरणीय प्रदर्शन किया है:

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई): बैंक ने 31 मई, 2026 को समाप्त होने वाले नीति वर्ष के लिए अपने लक्ष्य का 100.42% हासिल करके अपने लक्ष्यों को पार कर लिया।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई): बैंक ने 31 मई, 2026 को समाप्त हुए नीति वर्ष के लिए अपने निर्धारित लक्ष्य का 100.24% हासिल किया।

अटल पेंशन योजना (एपीवाई): सक्रिय नामांकन के संदर्भ में, बैंक ने 101.90% लक्ष्य उपलब्धि हासिल करके वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने के लिए अपने वार्षिक लक्ष्यों को पार कर लिया।

- **ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई)**

बैंक के आरएसईटीआई ने कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन और आजीविका सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

वर्ष के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कौशल वृद्धि और स्वरोजगार के अवसरों के माध्यम से युवाओं, महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया जा रहा है।

बैंक वित्तीय समावेशन, उद्यमिता विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण पहलों के माध्यम से समावेशी विकास का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ज़मीनी स्तर पर क्षमता निर्माण पर हमने अटूट ध्यान का प्रदर्शन करते हुए, बैंक के आरएसईटीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 80 कौशल-संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें कुल 2,502 प्रतिभागिओं को प्रशिक्षित किया गया। गया। इस पहल का सामाजिक असर भी रहा; इसके फ़ायदा उठाने वालों में एससी/एसटी वर्ग के 1,754 लोग, बीपीएल परिवारों के 2,211 लोग और 1,915 महिलाएँ शामिल थीं। यह समान सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति हमारी कॉरपोरेट प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है।

13. मानव संसाधन और संगठनात्मक विकास

बैंक का दृढ़ विश्वास है कि उसके कार्मिक उसकी सबसे मूल्यवान निधि हैं और उसकी सतत वृद्धि और सफलता का वह आधारशिला हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने नेतृत्व विकास, क्षमता निर्माण, कार्मिक जुड़ाव, उत्तराधिकार योजना और प्रौद्योगिकी-सक्षम मानव संसाधन प्रबंधन के माध्यम से श्रम शक्ति को मजबूत करने में निवेश करना जारी रखा है।

बैंक की कार्मिकों से जुड़ी रणनीति उसके दीर्घकालिक व्यावसायिक उद्देश्यों के अनुरूप है और भविष्य हेतु निर्मित कार्यबल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करती है जो तेजी से गतिशील और प्रौद्योगिकी-संचालित बैंकिंग वातावरण के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में सक्षम हो।

- **प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली (नवज्योति)**

वर्ष के दौरान, बैंक ने एक एकीकृत प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली, पीएसबी नवज्योति की प्रारंभ की है जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही और योग्यता-आधारित विकास को बढ़ाने के लिए भूमिका स्पष्टता, प्रदर्शन मूल्यांकन, वास्तविक समय प्रदर्शन, डैशबोर्ड, स्कोरकार्ड, व्यवसायिक विकास और उत्तराधिकार की योजना बनाना शामिल है। बैंक ने व्यावसायिक आवश्यकताओं और भविष्य की क्षमताओं के साथ संरेखण में कार्यबल की तैनाती को अनुकूलित करने हेतु वैज्ञानिक जनशक्ति योजना भी प्रारंभ की है।

- **प्रतिभा विकास और सीखना**

वर्ष के दौरान सतत रूप से सीखने और व्यावसायिक विकास एक प्रमुख केंद्र-बिंदु क्षेत्र बना रहा। बैंक ने ऋण जोखिम प्रबंधन, कोष डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, नेतृत्व, अनुपालन, ग्राहक सेवा और उभरती प्रौद्योगिकियों को समाहित करने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला का आयोजन किया।

संरचित नेतृत्व विकास कार्यक्रमों, मार्गदर्शन पहलों और विशेष शिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से भविष्य के नेतृत्वकर्ता(ओं) को विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया था।

बैंक ने कार्मिकों के लिए सतत ज्ञान के स्रोत और व्यावसायिक विकास के लिए अवसरों तक लचीला और निरंतर पहुंच प्रदान करने के लिए डिजिटल शिक्षण प्लेटफार्मों का भी लाभ उठाया।

- **कर्मचारी संबद्धता और कल्याण**

  बैंक ने सहयोग, समावेशिता और कर्मचारी कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देना जारी रखा।

  वर्ष के दौरान कर्मचारी जुड़ाव बढ़ाने, कार्य-जीवन संतुलन (वर्क-लाइफ बैलेंस) को बढ़ावा देने और शारीरिक व मानसिक कल्याण का समर्थन करने के उद्देश्य से विभिन्न पहल की गईं। सकारात्मक और उत्पादक कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारी कल्याण उपायों, मान्यता कार्यक्रमों (रिकग्निशन प्रोग्राम) और संचार प्लेटफार्मों को और मजबूत किया गया।

- **विविधता, समानता और समावेशन**

  बैंक एक ऐसा समावेशी कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो विविधता और समान अवसर को महत्व देता है।
  सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और न्यायसंगत कार्य वातावरण सुनिश्चित करते हुए महिला कर्मचारियों के व्यावसायिक विकास और नेतृत्व क्षमता के विकास का समर्थन करने के लिए केंद्रित पहल की गईं।

बैंक उन नीतियों और प्रथाओं को मजबूत करना जारी रख रहा है जो संगठन के सभी स्तरों पर विविधता, समावेशिता और योग्यता-आधारित (मेरिट-बेस्ड) विकास को बढ़ावा देती हैं।

- **महिला केंद्रित पहल**

  हमारी महिला कार्मिकों के स्वास्थ्य, कल्याण और व्यावसायिक निरंतरता का समर्थन करने के लिए, बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान लक्षित मातृत्व कल्याण कार्यक्रम शुरू किए। मुख्य आकर्षणों में कार्यस्थल पर पुनः वापसी करने वाली महिला कार्मिको की सहायता के लिए 'प्रसवोत्तर परामर्श और सहायता' (पोस्ट-मैटर्निटी काउंसलिंग एण्ड सपोर्ट) पर विशेष वेबिनार का आयोजन शामिल है। इसके अतिरिक्त, बैंक ने 'प्रसव पूर्व जांच व्यय प्रतिपूर्ति योजना' शुरू की, जो सुरक्षित मातृत्व और समय पर स्वास्थ्य देखभाल पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने के लिए नियमित प्रसव पूर्व चिकित्सा मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

14. शाखा नेटवर्क और वितरण विस्तार

बैंक ने भौतिक और डिजिटल चैनलों के संतुलित समन्वय के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने वितरण नेटवर्क और ग्राहकों तक अपनी पहुंच को मजबूत करना जारी रखा।

31 मार्च, 2026 तक, बैंक देश भर में शाखाओं, एटीएम, व्यावसायिक प्रतिनिधियों और डिजिटल सेवा चैनलों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से संचालित था, जिससे यह शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हुआ।

बैंक की वितरण रणनीति का मुख्य ध्यान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पहुंच में सुधार करने, ग्राहकों की सुविधा बढ़ाने और बाजार में पैठ को गहरा करने पर केंद्रित है।

- **ग्रामीण और अर्ध-शहरी पहुंच का विस्तार**

  वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंक की उपस्थिति को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

  वर्ष के दौरान व्यावसायिक प्रतिनिधि नेटवर्क के महत्वपूर्ण विस्तार ने बैंक को बैंकिंग सेवाओं को कम सेवा वाले और दूरदराज के स्थानों तक पहुँचाने में सक्षम बनाया है, जिससे पहुँच और ग्राहकों तक संपर्क में वृद्धि हुई है।

- **डिजिटल वितरण चैनल**

  बैंक ने डिजिटल चैनलों में निवेश के माध्यम से अपने भौतिक नेटवर्क को पूरक बनाना जारी रखा, जिससे ग्राहक कभी भी और कहीं भी बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने में सक्षम हो सकें।

डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म को तेजी से अपनाने से ग्राहकों के जुड़ाव को मजबूती मिली है, साथ ही परिचालन दक्षता और सेवा वितरण में सुधार हुआ है।

बैंक एक एकीकृत ओमनी-चैनल बैंकिंग इकोसिस्टम विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो डिजिटल सेवाओं की सुविधा के साथ शाखा बैंकिंग के विश्वास को जोड़ता है।

- **क्षेत्रीय कार्यालय :** पहुंच बढ़ाने और बाजार में पैठ गहरी करने की बैंक की रणनीति का पालन करते हुए, बैंक ने रायपुर, बेंगलुरु, भुवनेश्वर और शिमला में 4 नए क्षेत्रीय कार्यालय खोले। क्षेत्रीय कार्यालयों को खोलने का उद्देश्य बेहतर नियंत्रण प्रणाली स्थापित करना था।
- **आंचलिक कार्यालय :** बेहतर परिचालन दक्षता और नियंत्रण, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से नए व्यवसाय प्राप्त करने के अवसरों को तलाशने के लिए, बैंक में दिल्ली, लखनऊ और कोलकाता में तीन नए आंचलिक कार्यालय स्थापित किए गए।
- **शाखा विस्तार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, बैंक ने शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा और 59 शाखाएं (TReDS सहित) खोलीं तथा 31.03.2026 तक बैंक की कुल शाखाओं की संख्या 1654 थी।

15. जोखिम प्रबंधन ढांचा

प्रभावी जोखिम प्रबंधन बैंक की रणनीति और दीर्घकालिक स्थिरता के लिए मौलिक बना हुआ है।

बैंक ने एक व्यापक जोखिम प्रबंधन ढांचा स्थापित किया है जिसे व्यावसायिक विकास और मूल्य सृजन का समर्थन करते हुए संचालन के सभी क्षेत्रों में जोखिमों की पहचान करने, मापने, निगरानी करने और उन्हें कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह ढांचा बोर्ड द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति द्वारा निर्देशित है और नियामक अपेक्षाओं, उद्योग के सर्वोत्तम तौर-तरीकों तथा बैंक की जोखिम क्षमता के अनुरूप है।

- **क्रेडिट जोखिम प्रबंधन**

  बैंक मजबूत अंडरराइटिंग मानकों, स्वतंत्र जोखिम मूल्यांकन तंत्र और निरंतर पोर्टफोलियो निगरानी के माध्यम से क्रेडिट जोखिम प्रबंधन के प्रति एक विवेकपूर्ण दृष्टिकोण बनाए रखना जारी रखता है।

  उभरते क्रेडिट जोखिमों की समय पर पहचान और प्रबंधन को सुगम बनाने के लिए उन्नत निगरानी प्रणालियों और प्रारंभिक चेतावनी ढांचों को मजबूत किया गया है।

परिसंपत्ति गुणवत्ता संकेतको में बैंक का निरंतर सुधार इसके जोखिम प्रबंधन प्रथाओं और वसूली रणनीतियों की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

- **बाजार जोखिम प्रबंधन**

बैंक अच्छी तरह से परिभाषित नीतियों, जोखिम सीमाओं और निगरानी तंत्रों के माध्यम से ब्याज दर की गतिविधियों, विदेशी मुद्रा जोखिमों और निवेश पोर्टफोलियो के उतार-चढ़ाव से उत्पन्न होने वाले बाजार जोखिम का सक्रिय रूप से प्रबंधन करता है।

कोष विभाग निरंतर बाजार के घटनाक्रमों की निगरानी करता है और रिटर्न को अनुकूलित करते हुए बैंक की वित्तीय स्थिति को सुरक्षित रखने के लिए उचित रणनीति लागू करता है।

- **तरलता जोखिम प्रबंधन**

पर्याप्त तरलता बनाए रखना बैंक के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता बनी हुई है।
विभिन्न बाजार स्थितियों के तहत लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए बैंक मजबूत तरलता बफर बनाए रखता है और नियमित रूप से तनाव परीक्षण और परिदृश्य विश्लेषण आयोजित करता है।

तरलता कवरेज अनुपात और अन्य नियामक तरलता मानदंड पूरे वर्ष निर्धारित आवश्यकताओं से ऊपर रहे।

- **परिचालन जोखिम प्रबंधन**

बैंक प्रक्रिया में सुधारों, प्रौद्योगिकी-सक्षम नियंत्रणों, व्यावसायिक निरंतरता योजना और कर्मचारी जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से परिचालन जोखिम प्रबंधन को मजबूत करना जारी रखता है।

परिचालन लचीलेपन के प्रति एक सक्रिय दृष्टिकोण परिचालन व्यवधानों और नुकसान को कम करते हुए निर्बाध सेवा वितरण सुनिश्चित करने में मदद करता है।

16. अनुपालन, अभिशासन और आंतरिक नियंत्रण ढांचा

बैंक कॉर्पोरेट गवर्नेंस (कॉर्पोरेट अभिशासन), नियामक अनुपालन और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

मजबूत शासन प्रथाएं बैंक की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की नींव बनाती हैं और हितधारकों के लिए सतत मूल्य सृजन में योगदान देती हैं।

- **कॉर्पोरेट गवर्नेंस**

  निदेशक मंडल रणनीतिक मार्गदर्शन और निरीक्षण प्रदान करता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि बैंक पारदर्शी, जवाबदेह और जिम्मेदार तरीके से कार्य करे।

बोर्ड को विभिन्न समितियों द्वारा समर्थन प्राप्त है जो जोखिम प्रबंधन, ऑडिट (लेखापरीक्षा), ग्राहक सेवा, अनुपालन और हितधारकों के हितों सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों की निगरानी करती हैं।

यह शासन ढांचा प्रभावी पर्यवेक्षण, विवेकपूर्ण निर्णय लेने और नियामक अपेक्षाओं के साथ तालमेल सुनिश्चित करता है।

- **अनुपालन संस्कृति**

  बैंक नीतिगत ढांचों, प्रौद्योगिकी-सक्षम निगरानी प्रणालियों, कर्मचारी प्रशिक्षण और निरंतर निरीक्षण तंत्र के माध्यम से अपनी अनुपालन संस्कृति को मजबूत करना जारी रखता है।

  लागू कानूनों, विनियमों, पर्यवेक्षी अपेक्षाओं और आंतरिक नीतियों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अनुपालन प्रबंधन को व्यावसायिक प्रक्रियाओं में एकीकृत किया गया है।

  बैंक संगठन के सभी स्तरों पर ईमानदारी, जवाबदेही और नैतिक आचरण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

- **सामान्य उद्देश्य टिकट समाधान का विकास:** आईटीएसओएम प्लेटफॉर्म के भीतर एक सामान्य उद्देश्य से टिकटिंग (जीपीटी) सिस्टम विकसित किया गया है, जिसमें शाखा किसी विशिष्ट कार्य को करने की अनुमति के लिए आवेदन करने हेतु इंसिडेंस टिकट बढ़ाती है, जबकि क्षेत्रीय कार्यालय जीपीटी समाधान के माध्यम से प्रस्तुत दस्तावेज़ के आधार पर अनुमति प्रदान करेगा। प्रारंभिक चरण में छह उप-श्रेणियों से 15 उपयोग के मामलों /मदों को शुरू किया गया है, भविष्य में अधिक डोमेन को शामिल करने के लिए इनका विस्तार किया जाएगा। जीपीटी सिस्टम बैंक को लेनदेन/अन्य प्रशासनिक कार्यों को करने पर ऑडिट ट्रेल, प्रलेखन, शासन और निरीक्षण रखने में सक्षम बनाएगा।
- **अनुपालन और शासन को सशक्त बनाना (ईसीजी):** जनवरी 2025 में शुरू किए गए ईसीजी प्लेटफॉर्म को वित्तीय वर्ष 2025-26 में एक वर्कफ़्लो-आधारित गैप असेसमेंट मॉड्यूल के साथ उन्नत किया गया था ताकि आरबीआई मास्टर दिशानिर्देशों के अनुपालन को स्वचालित और सुव्यवस्थित किया जा सके |

बैंक वर्तमान में अपने परिचालन अनुपालन परीक्षण मॉड्यूल का प्रधान कार्यालय से क्षेत्रीय कार्यालयों, सेनमार्ग और शाखाओं में विस्तार कर रहा है, जबकि इसके साथ ही अपनी शासन संरचना को सुदृढ़ करने के लिए आईआरएआर /आरएमपी अनुपालन हेतु एक समस्या प्रबंधन मॉड्यूल लागू कर रहा है।

- **डाटा गुणवत्ता सूचकांक पोर्टल:** डाटा अखंडता को बढ़ावा देने के लिए दिसंबर 2025 में स्थापित, डीक्यूआई पोर्टल कोर ग्राहक, ऋण और खाता डाटा में अपवादों को स्कैन करने के लिए 25 तैनात नियमों का उपयोग करता है, जिनकी निगरानी डैशबोर्ड के माध्यम से की जाती है और निर्धारित टर्नअराउंड समय के भीतर शाखाओं द्वारा सुधार किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2026-27 पर नज़र डालते हुए, आरआरडीएम का रोलआउट अतिरिक्त नियमों को एकीकृत करेगा और डाटा शासन को और अधिक उन्नत करने के लिए शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय मॉडल-आधारित स्कोर पेश करेगा।

17. आंतरिक लेखापरीक्षा और आश्वासन

आंतरिक लेखापरीक्षा बैंक के शासन और जोखिम प्रबंधन ढांचे के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में कार्य करती है।

बैंक जोखिम-आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा दृष्टिकोण का पालन करता है जो व्यावसायिक संचालनों के व्यापक कवरेज को सुनिश्चित करते हुए उच्च जोखिम और भौतिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है।

आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग शासन प्रक्रियाओं, जोखिम प्रबंधन प्रथाओं और आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रभावशीलता के संबंध में स्वतंत्र आश्वासन प्रदान करता है।

बैंक ने आंतरिक लेखापरीक्षा के संचालन और अनुपालन को इन-हाउस ऑडिट पोर्टल से विशेष एकीकृत ऑडिट और अनुपालन स्वचालन प्लेटफॉर्म eTHIC में स्थानांतरित कर दिया है।

लेखापरीक्षा की प्रभावशीलता और कवरेज को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम ऑडिट टूल, डेटा एनालिटिक्स और विषयगत समीक्षाओं का तेजी से लाभ उठाया जा रहा है।

समय पर बंदी और निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के लिए ऑडिट टिप्पणियों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है और सुधारात्मक कार्रवाइयों की समीक्षा की जाती है।

बोर्ड की ऑडिट समिति आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग को रणनीतिक निरीक्षण प्रदान करना जारी रखती है और महत्वपूर्ण ऑडिट निष्कर्षों तथा उपचारात्मक उपायों की समीक्षा करती है।

18. साइबर सुरक्षा और परिचालन लचीलापन

जैसे-जैसे बैंकिंग उद्योग में डिजिटल अपनाने की गति तेज हो रही है, साइबर सुरक्षा और परिचालन लचीलापन बैंक के लिए रणनीतिक प्राथमिकताएं बन गए हैं।

बैंक प्रौद्योगिकी, शासन ढांचे, निगरानी क्षमताओं और ग्राहक सुरक्षा प्रणालियों में निवेश के माध्यम से अपनी साइबर सुरक्षा स्थिति को मजबूत करना जारी रखता है।

- **साइबर सुरक्षा ढांचा**

बैंक ने एक बहु-स्तरीय साइबर सुरक्षा आर्किटेक्चर लागू किया है जिसे सूचना संपत्तियों, ग्राहक डेटा और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को उभरते साइबर खतरों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

निरंतर निगरानी, थ्रेट इंटेलिजेंस, भेद्यता मूल्यांकन, सुरक्षा परीक्षण और कर्मचारी जागरूकता कार्यक्रम बैंक की साइबर रक्षा रणनीति के अभिन्न अंग हैं।

- **धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन**

  बैंक उन्नत निगरानी प्रणालियों, विश्लेषण-आधारित निगरानी और नियामक एकीकरण के माध्यम से अपनी धोखाधड़ी रोकथाम और पहचान क्षमताओं को मजबूत करना जारी रखता है।

  धोखाधड़ी जोखिम संकेतक, मोबाइल नंबर निरसन सूची, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) एकीकरण और एआई-आधारित म्यूल खाता पहचान तंत्र के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है।

  ये पहल ग्राहक सुरक्षा को मजबूत करते हुए धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की तेजी से पहचान, रोकथाम और त्वरित प्रतिक्रिया को सक्षम बनाती हैं।

- **आरबीआईएच म्यूल हंटर**

  सितंबर 2025 में, बैंक ने रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब द्वारा डिज़ाइन किए गए एक नवोन्मेषी एआई /एमएल समाधान MuleHunter.AI को अपनाया, ताकि पारंपरिक नियम-आधारित प्रणालियों की तुलना में काफी उच्च सटीकता और गति के साथ संदिग्ध म्यूल खातों की पहचान की जा सके।

- **परिचालन लचीलापन**

  बैंक ने महत्वपूर्ण सेवाओं के निर्बाध वितरण को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यावसायिक निरंतरता प्रबंधन और आपदा रिकवरी ढांचे स्थापित किए हैं। तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करने के लिए समय-समय पर परीक्षण, सिमुलेशन अभ्यास और लचीलापन मूल्यांकन आयोजित किए जाते हैं।

  बैंक हर परिस्थिति में लचीला परिचालन बनाए रखने और ग्राहकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

19. राजभाषा

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राजभाषा नीति को लागू करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 12-13 जून, 2025 को आयोजित राजभाषा संगोष्ठी-सह-समीक्षा बैठक में वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा बैंक को 'क' क्षेत्र के अंतर्गत 'द्वितीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था।
- पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दिल्ली (बैंक) से विभिन्न श्रेणियों में तीन पुरस्कार प्राप्त किए। विशेष रूप से, बैंक को राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए 'राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता 2024-25' में द्वितीय

पुरस्कार; अपनी त्रैमासिक हिंदी पत्रिका 'राजभाषा अंकुर' के लिए प्रथम पुरस्कार; और अपनी ई-पत्रिका 'राजदीप' के लिए ई-पत्रिका श्रेणी में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

- प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों और आंचलिक कार्यालयों से हिंदी के उत्तरोत्तर उपयोग पर त्रैमासिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए राजभाषा पोर्टल लॉन्च किया गया था।

20. अन्य पुरस्कार और प्रशंसा

- भारत के वाणिज्य एवं उद्योग केंद्रीय मंत्री द्वारा 2025 के लिए एमएसएमई में 'सर्वश्रेष्ठ उभरता बैंक' प्रदान किया गया।
- भारत के वाणिज्य एवं उद्योग केंद्रीय मंत्री द्वारा 'सामाजिक योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक - उपविजेता प्रदान किया गया।
- नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड द्वारा 'गारंटी में सबसे तेज़ वृद्धि' पुरस्कार प्रदान किया गया।

21. निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण:

निदेशक पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के वार्षिक खातों को तैयार करने में:

- लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है और यदि कोई महत्वपूर्ण विचलन हुआ है, तो उसका उचित स्पष्टीकरण दिया गया है।
- लेखांकन नीतियां भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गई थीं और उन्हें लगातार लागू किया गया था। 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के वित्तीय वर्ष के मामलों की स्थिति और उसके लाभ-हानि का एक सच्चा और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए उचित और विवेकपूर्ण निर्णय एवं अनुमान लगाए गए थे।
- भारत में बैंकों को नियंत्रित करने वाले लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड बनाए रखने, बैंक की संपत्तियों की सुरक्षा करने और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती गई है।
- वार्षिक खाते निरंतर प्रतिष्ठान आधार पर तैयार किए गए हैं।
- बैंक द्वारा अपनाई जाने वाली आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली निर्धारित की गई थी और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं तथा प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं।
- सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की गई हैं और ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त हैं तथा प्रभावी ढंग से संचालित हो रही हैं।

22. दृष्टिकोण एवं भविष्य की संभावनाएं

भविष्य का अवलोकन करते हुए, बैंक भारत के मजबूत आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों और विकसित होते वित्तीय परिदृश्य द्वारा प्रस्तुत अवसरों के प्रति आशावादी बना हुआ है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बैंक की रणनीतिक प्राथमिकताएं निम्नलिखित पर केंद्रित होंगी:

- सतत व्यावसायिक विकास को गति देना।
- देयता फ्रैंचाइज़ी और कासा आधार को मजबूत करना।
- खुदरा, कृषि और एमएसएमई पैठ को गहरा करना।
- डिजिटल बैंकिंग और प्रौद्योगिकी क्षमताओं को बढ़ाना।
- बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और वसूली प्रदर्शन को बनाए रखना।
- परिचालन लचीलेपन और साइबर सुरक्षा को मजबूत करना।
- वित्तीय समावेशन और सतत बैंकिंग पहलों को आगे बढ़ाना।
- ग्राहक अनुभव और सेवा उत्कृष्टता को बढ़ाना।
- भविष्य के लिए तैयार प्रतिभा और नेतृत्व क्षमताओं का विकास करना।

एक मजबूत पूंजी स्थिति, बेहतर लाभप्रदता, सुदृढ़ शासन ढांचे और प्रतिबद्ध कार्यबल द्वारा समर्थित, बैंक सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक सतत मूल्य बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

23. अभिस्वीकृति

निदेशक मंडल सुश्री एम.जी. जयश्री, भारत सरकार नामित निदेशक, श्री एस.एल. अग्रवाल, गैर-आधिकारिक निदेशक, और बोर्ड के सभी पूर्व और वर्तमान सदस्यों के बहुमूल्य अंतर्दृष्टि, समर्थन, मार्गदर्शन और सभी प्रयासों में प्रबंधन के प्रति उनके योगदान के लिए अपना आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड , स्टॉक एक्सचेंजों और अन्य नियामक व पर्यवेक्षी अधिकारियों से प्राप्त निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए अपनी सराहना प्रकट करता है।

निदेशक बैंक के मूल्यवान ग्राहकों, शेयरधारकों, निवेशकों, व्यावसायिक भागीदारों और अन्य हितधारकों के प्रति बैंक में उनके निरंतर विश्वास और भरोसे के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

निदेशक सभी स्तरों पर कार्मिकों द्वारा प्रदर्शित समर्पण, व्यावसायिकता एवं प्रतिबद्धता के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनके प्रयासों ने वर्ष के दौरान बैंक की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

निदेशकों को पूरा विश्वास है कि सभी हितधारकों के निरंतर सहयोग से, पंजाब एण्ड सिंध बैंक राष्ट्र निर्माण और सतत मूल्य सृजन के लिए समर्पित एक विश्वसनीय, जिम्मेदार और प्रगतिशील बैंकिंग संस्थान के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

पंजाब एण्ड सिंध बैंक

R S KATHURIA & Co.
Company Secretaries
FCS, LL.B, Insolvency Professional

A-215/55, Chawla Complex,
Shakarpur, Delhi- 110092
Tel:- 98-10544091
E-mail: rsk04069@rediffmail.com
Peer Review Certificate No.: 3028/2023

फॉर्म संख्या एमआर – 3

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

{भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियमन 24ए के अनुसरण में}

31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु

सदस्य
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
"बैंक हाउस", 21, राजेंद्र प्लेस
नई दिल्ली -110 008

हमने लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन तथा पंजाब एण्ड सिंध बैंक (इसमें एतद्पश्चात 'बैंक' कहा जाएगा) द्वारा उचित कॉरपोरेट व्यवहार की सचिवीय लेखा-परीक्षा आयोजित की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार से की गई है कि हमें कॉरपोरेट परिचालन/ सांविधिक अनुपालन के मूल्यांकन तथा उसके संबंध में अपने मत को प्रकट करने का पर्याप्त आधार प्राप्त हुआ है।

सचिवीय लेखापरीक्षा के दौरान बैंक बही, दस्तावेज, कार्यवृत्त बही, सांविधिक रजिस्टर, फॉर्म एवं दायर विवरणियों तथा बैंक द्वारा अनुरक्षित अन्य दस्तावेजों के सत्यापन एवं बैंक, उसके अधिकारियों तथा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर भी, हम एतदद्वारा सूचित करते हैं कि हमारे अभिमत में बैंक ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष की लेखा-परीक्षा अवधि के दौरान, निम्नलिखित सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है तथा यह भी कि हमारे मत में बैंक के पास उचित बोर्ड प्रक्रिया तथा अनुपालन व्यवस्था भी स्थापित है और उक्त प्रक्रिया तथा व्यवस्था उस सीमा तक उस प्रकार की है जैसा कि इसके बाद रिपोर्टिंग में प्रतिपादित किया गया है:

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए बैंक द्वारा अनुरक्षित बही, दस्तावेज, कार्यवृत्त बही, फॉर्म एवं दायर विवरणी तथा अन्य अभिलेखों की जांच की है :

(i) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (एससीआरए) तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियम

(ii) निक्षेपागार अधिनियम, 1996 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए विनियम व उप-विधि

(iii) भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, भारत से बाहर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तथा विदेशी वाणिज्यिक ऋण के संबंध में विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 तथा उसके अंतर्गत बने तत्संबंधी नियम एवं विनियम;

(iv) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम) के अंतर्गत निर्धारित निम्नलिखित विनियम तथा दिशानिर्देश :

(a) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर)

(b) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2018; **समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान बैंक पर लागू नहीं।**

(c) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011;

(d) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों को क्रय द्वारा वापस लेना) विनियम 2018; **समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान बैंक पर लागू नहीं।**

(e) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी फायदे और स्वेट इक्विटी) विनियम,2021; **समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान बैंक पर लागू नहीं।**

(f) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अपरिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गमन और सूचीबद्धता) विनियम,2021;

(g) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंतरंग व्यापार निषेध) विनियम 2015;

(v) निम्नलिखित यथा प्रयोज्य अधिनियम, योजना, विनियम तथा अन्य कानून जो विशेष रूप से बैंक के लिए हैं जैसे-

(a) बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980

(b) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1980

(c) पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 2008

(d) बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949

(e) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934

(f) संदान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007

हमारी रिपोर्ट को नीचे उल्लिखित नोटिंग के साथ पढ़ा जाना है –

1. सचिवीय अभिलेखों के अनुरक्षण का दायित्व बैंक प्रबंधन का है। हमारा दायित्व, अपने लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवीय अभिलेखों पर मत अभिव्यक्त करना है।
2. हमने, लेखा परीक्षा पद्धतियों तथा प्रक्रियाओं का अनुसरण किया है जो सचिवीय अभिलेखों के अंतर्वस्तु की यथार्थता के विषय में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थे। सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्यों के परिलक्षण को सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण के आधार पर सत्यापन किया गया है, हम मानते हैं कि जिन प्रक्रियाओं तथा पद्धतियों का हमने अनुसरण किया है, वे हमारे अभिमत के लिए एक तर्कसंगत आधार प्रदान करते हैं।
3. हमने, बैंक के वित्तीय अभिलेख तथा लेखा बहियों की यथार्थता तथा उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है।
4. यथावश्यक हमने विधि, नियमों और विनियमों के अनुपालन तथा घटनाओं आदि के अनुपालन के विषय में प्रबंधन का अभ्यावेदन प्राप्त किया है।
5. कॉरपोरेट तथा अन्य लागू विधि, नियमों व विनियमों, मानकों के प्रावधानों के अनुपालन का दायित्व प्रबंधन का है। हमारी परीक्षा, परीक्षण आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।

6. हमने, विशेष रूप से बैंक पर लागू विभिन्न राज्य विधि के अंतर्गत अनुपालन का सत्यापन नहीं किया है।
7. सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट, भविष्य में न तो बैंक की व्यवहार्यता और न ही दक्षता या प्रभावशीलता के लिए आश्वासन है जिससे प्रबंधन, बैंक संबंधी व्यवसाय करता है।

   हमने भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानकों (एसएस-1 और एसएस-2) के प्रयोज्य वाक्यांशों के अनुपालन की भी जांच की है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, बैंक ने उपरोक्त निर्दिष्ट अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों इत्यादि के प्रावधानों का अनुपालन किया है। हम रिपोर्ट करते हैं कि :

1. बैंक के निदेशक मंडल का गठन बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर) के विनियमन 17 के अनुसार कार्यपालक निदेशकों, गैर- कार्यपालक निदेशकों और स्वतंत्र निदेशकों के साथ विधिवत नहीं किया गया है, **निदेशक मंडल और तत्संबंधी समितियों के संघटन के संबंध में निम्नलिखित टिप्पणियां हैं:**

   a) **बैंक बोर्ड में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3) (ई), 9 (3) (एफ), 9 (3) (जी) के अंतर्गत एक-एक निदेशक और धारा 9 (3) (एच) के अंतर्गत पाँच निदेशक के पद रिक्त थे।**
   b) **सेबी (एलओडीआर) के अनुसार बैंक ने बोर्ड में एक महिला स्वतंत्र निदेशक सहित पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं की है।**
   c) **बैंक में अध्यक्ष का पद रिक्त है। तथापि, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1980 के खंड 12 (6) के अनुसार, अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता एमडी एवं सीईओ द्वारा की जा रही है।**
   d) **स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या नहीं होने के कारण 01 अप्रैल, 2025 से 20 अप्रैल, 2025 तक की अवधि के दौरान सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 18 (1) (ए) और (बी) के अनुसार लेखा परीक्षा समिति का विधिवत गठन नहीं किया गया था। तथापि, बैंक ने स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति पर 21 अप्रैल, 2025 से समिति का पुनर्गठन किया, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित हुआ।**

   e) **समीक्षाधीन अवधि के दौरान सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 19 (1) (ए) व (बी) के अंतर्गत अपेक्षित अनुसार बैंक की नामांकन और पारिश्रमिक समिति का विधिवत गठन नहीं किया गया था।**
   इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष के दौरान नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।

   f) **स्वतंत्र निदेशकों की पर्याप्त संख्या नहीं होने के कारण 01 अप्रैल, 2025 से 20 अप्रैल, 2025 तक जोखिम प्रबंधन समिति का गठन नहीं किया जा सका। तथापि, बैंक ने स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति पर 21 अप्रैल, 2025 से समिति का पुनर्गठन किया, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित हुआ।**

बैंक द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण अनुसार निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाएगी और बैंक ने समय-समय पर केंद्र सरकार को सूचित किया है तथा सेबी (एलओडीआर) के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों/ महिला स्वतंत्र निदेशक और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3) के अनुसार अन्य निदेशकों की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति के लिए अंतिम संचार पत्र दिनांकित 12 मार्च, 2026 के माध्यम से किया गया था।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन, अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में किए गए थे।

2. समस्त निदेशकों को बोर्ड बैठक के लिए यथोचित सूचना दी जाती है और तदनुसार, कार्यसूची तथा कार्यसूची के संबंध में विस्तृत जानकारी निदेशकों को भेजे गए थे तथा बैठक से पूर्व कार्यसूची मदों के संबंध में अधिक जानकारी तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने और बैठक में सार्थक भागीदारी हेतु प्रणाली विद्यमान है।
3. बहुमत से लिये गये निर्णयों को स्वीकार किया जाता है तथा असहमत सदस्यों के विचार, यदि हो, को कार्यवृत्त के भाग के रूप में रखा और रिकार्ड किया जाता है।
4. प्रयोज्य विधि, नियमों, विनियमों, तथा दिशा-निर्देशों के अनुपालन की निगरानी करने तथा उसे सुनिश्चित करने हेतु बैंक के आकार तथा परिचालन के अनुरूप बैंक में उचित प्रणाली तथा प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक ने उस पर लागू विभिन्न अधिनियम, नियम और विनियम, दिशानिर्देशों और मानकों की आवश्यकताओं का अनुपालन किया है।

कृते आर एस कथूरिया एण्ड कंपनी
कंपनी सचिव

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 23 अप्रैल, 2026

आर एस कथूरिया
प्रोपराइटर
एफसीएस 5217; सीपी संख्या : 3112
यूडीआईएन : F005217H000184704

कंपनी अभिशासन पर रिपोर्ट (2025-26)

1) अभिशासन संहिता पर बैंक – दर्शन

बैंक, समस्त स्तरों पर कार्य-निष्पादन तथा उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु संसाधनों के इष्टतम उपयोग के साथ अधिकतम प्रतिफल सुनिश्चित करके अपने शेयरधारकों की हितों की सुरक्षा द्वारा उनके मूल्यों में अभिवृद्धि के लिए अपना सतत प्रयास जारी रखेगा। बैंक न केवल सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन करेगा अपितु स्वेच्छापूर्वक सुदृढ़ कंपनी अभिशासन पद्धतियों के समूह का गठन और उनका अनुपालन भी करेगा। बैंक, अपने गतिविधियों के समस्त क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता तथा अनुशासित दृष्टिकोण के उच्च मानकों को स्थापित करने में विश्वास रखता है। बैंक, सर्वोत्तम कार्यशैली के अनुसरण हेतु प्रतिबद्ध है। बैंक, अपने हितधारकों जिसमें शेयरधारक, ग्राहक, सरकार तथा व्यापक तौर पर समाज भी शामिल हैं, को अधिकतम लाभ पहुंचाने हेतु कठिन उद्यम करेगा।

बैंक के इक्विटी शेयर, बंबई शेयर बाजार लिमिटेड (बीएसई) और राष्ट्रीय शेयर बाजार लिमिटेड (एनएसई) में सूचीबद्ध हैं। तथापि, बैंक कोई कंपनी नहीं है अपितु बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 के अंतर्गत निगमित निकाय है तथा जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित होता है। बैंक, यथा संशोधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 में निर्दिष्ट अनुसार कंपनी अभिशासन मानदंडों के प्रावधानों का बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध एवं प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1980 के प्रावधानों तथा इस संबंध में भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों, निर्देशों इत्यादि का उल्लंघन नहीं होने की सीमा तक अनुपालन करता है।

2) निदेशक-मंडल

2.1 बोर्ड का संघटन :

बैंक के निदेशक मंडल की संरचना, बैंककारी विनियम अधिनियम 1949, यथासंशोधित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980, यथा संशोधित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध एवं प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1980, यथा संशोधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 तथा इस संबंध में भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों, निर्देशों इत्यादि के प्रावधानों द्वारा अभिशासित होती है।

मार्च 31, 2026 की स्थिति के अनुसार बैंक के निदेशक-मंडल की संरचना इस प्रकार है :

क्र. सं.	निदेशक का नाम और श्रेणी	दिनांक 31.03.2026 को धारित बैंक के सामान्य शेयरों/ परिवर्तनीय लिखतों की संख्या	बैंक की उप समिति में सदस्यता की संख्या	टिप्पणी (बैंक में नियुक्ति की प्रकृति)	बैंक बोर्ड की उप-समिति की सदस्यता/ अध्यक्षता
1.	श्री स्वरूप कुमार साहा प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी	शून्य	9	A	1. बोर्ड की प्रबंधन समिति (अध्यक्ष) 2. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति 3. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति (अध्यक्ष) 4. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (अध्यक्ष) 5. बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति 6. बोर्ड की एचआर समिति (अध्यक्ष) 7. वसूली की निगरानी के लिए समिति (अध्यक्ष) 8. इरादतन चूककर्ता के लिए समीक्षा समिति (अध्यक्ष) 9. बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति (अध्यक्ष)
2.	श्री रवि मेहरा कार्यपालक निदेशक	397	8	B	1. बोर्ड की प्रबंधन समिति 2. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति 3. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति 4. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति 5. बोर्ड की हितधारक संबंध समिति 6. बोर्ड की एचआर समिति 7. वसूली की निगरानी के लिए समिति 8. बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति

3.	श्री राजीवा कार्यपालक निदेशक	शून्य	8	C	1. बोर्ड की प्रबंधन समिति 2. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति 3. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति 4. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति 5. बोर्ड की हितधारक संबंध समिति 6. बोर्ड की एचआर समिति 7. वसूली की निगरानी के लिए समिति 8. बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति
4.	श्री जितेन्द्र असाटी भारत सरकार नामित निदेशक	शून्य	9	D	1. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति 2. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति 3. बोर्ड की एचआर समिति 4. वसूली की निगरानी के लिए समिति 5. इरादतन चूककर्ता के लिए समीक्षा समिति 6. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति (अध्यक्ष) 7. हितधारक संबंध समिति (अध्यक्ष) 8. बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति 9. अपील और समीक्षा के प्रकरणों से संव्यवहार के लिए बोर्ड समिति (अध्यक्ष)
5.	श्री विवेक श्रीवास्तव निदेशक (आरबीआई की अनुशंसा पर केंद्र सरकार द्वारा नामित)	शून्य	3	E	1. बोर्ड की प्रबंधन समिति 2. सतर्कता, अनुशासनात्मक प्रकरणों और विभागीय जांच के संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति 3. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति

6.	श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता (गैर-सरकारी निदेशक) (शेयरधारक निदेशक)	225	7	F	1. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति (अध्यक्ष) 2. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति 3. बोर्ड की एचआर समिति 4. इरादतन चूककर्ता के लिए समीक्षा समिति 5. बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (अध्यक्ष) 6. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति 7. अपील और समीक्षा के प्रकरणों से संव्यवहार के लिए बोर्ड समिति
7	श्री शंकर लाल अग्रवाल गैर-सरकारी निदेशक	शून्य	8	G	1. धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति 2. हितधारक संबंध समिति 3. बोर्ड की एचआर समिति 4. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (अध्यक्ष) 5. बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति 6. वसूली की निगरानी के लिए समिति 7. इरादतन चूककर्ता के लिए समीक्षा समिति 8. अपील और समीक्षा के प्रकरणों से संव्यवहार के लिए बोर्ड समिति

नोट : समितियों के नाम जिनमें निदेशक अध्यक्ष हैं, प्रयोज्यतानुसार विशेष रूप से इंगित किए गए हैं।

A. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. ईएफ 4/3/2024-बीओ.I दिनांकित 02.06.2025 के निबंधन अनुसार उनकी अधिवर्षिता की तिथि अर्थात 28.07.2027 तक अथवा आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में पुनर्नियुक्ति की गई है।

B. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. ईएफ. नं. 4/1(v)/2023-बीओ.I दिनांकित 09 अक्तूबर, 2023 के निबंधन अनुसार 09 अक्तूबर, 2023 से उनकी अधिवर्षिता (अर्थात 08 अक्तूबर, 2026) या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

C. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (a) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. ईएफ. नं. 4/1(v)/2023-बीओ.I दिनांकित 09 अगस्त, 2024 के निबंधन अनुसार 09 अगस्त, 2024 से उनकी अधिवर्षिता (अर्थात 08 अगस्त, 2027) या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

D. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (b) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. ईएफ. नं. 6/2 (i)/2022-बीओ-I दिनांकित 09.09.2025 के निबंधन अनुसार तत्काल प्रभाव से और आगामी आदेशों तक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

E. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (c) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. एफ. नं. 6/3/2011-बीओ-I दिनांकित 12 दिसंबर, 2024 के निबंधन अनुसार तत्काल प्रभाव से और आगामी आदेशों तक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

F. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के अंतर्गत 01 जून, 2024 से 31 मई, 2027 तक 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया है।

G. राष्ट्रीयकृत बैंक के खंड (3) के उप खंड (1) के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 (1980 का 40) की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (h) और उपधारा (3A) के अंतर्गत वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं. ईएफ. नं. 6/I (viii)/2024 -बीओ-I दिनांकित 11 अप्रैल, 2025 के निबंधन अनुसार एक वर्ष की अवधि के लिए और आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी पहले हो, पंजाब एण्ड सिंध बैंक के निदेशक-मंडल में अंशकालिक, गैर-सरकारी निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्ति की गई है।

2.2 वर्ष के दौरान निदेशकों की नियुक्ति/ पुनर्नियुक्ति/ निवृत्ति :

वर्ष 2025-26 के दौरान बैंक के निदेशक-मंडल की संरचना में निम्न परिवर्तन हुए हैं:

[A] नियुक्ति/ पुनर्नियुक्ति :

- श्री शंकर लाल अग्रवाल को दिनांक 11.04.2025 से 10.04.2026 तक या आगामी आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, गैर-सरकारी निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है।
- श्री स्वरूप कुमार साहा को दिनांक 03.06.2025 से 28.02.2027 तक या आगामी आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है।
- श्री जितेन्द्र असाटी को दिनांक 09.09.2025 से आगामी आदेश तक वित्त मंत्रालय नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

[B] निवृत्ति :

- सुश्री एम. जी. जयश्री, वित्त मंत्रालय नामित निदेशक, दिनांक 08.09.2025 तक बैंक बोर्ड में रहे।

2.3 **अन्य सूचीबद्ध इकाइयों की समिति/ बोर्ड में निदेशकों की सदस्यता/अध्यक्षता का विवरण**

क्र. सं.	निदेशक का नाम	अन्य सूचीबद्ध इकाई में निदेशक पद का नाम व श्रेणी	समिति की सदस्यता
1.	श्री जितेन्द्र असाटी	आई एफ सी आई लिमिटेड	i) बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति

2.4 **वर्ष 2025-26 के दौरान नियुक्त निदेशकों का संक्षिप्त विवरण:**

<u>श्री शंकर लाल अग्रवाल (गैर-सरकारी निदेशक) :</u>

श्री शंकर लाल अग्रवाल, बी कॉम, एलएलबी और अर्हता प्राप्त सनदी लेखाकार हैं। मैसर्स एस गर्ग एंड कंपनी के संस्थापक भागीदार होने के नाते, वह 1989 से फर्म के एक वरिष्ठ भागीदार के रूप में कार्य कर रहे हैं।

आगे, वह विभिन्न स्तरों में विविध समितियों यथा आईसीएआई के सीआईआरसी के क्षेत्रीय राज्यवार पीडीसी उप समिति राजस्थान में समन्वयक, आईसीएआई के सार्वजनिक वित्त और सरकारी लेखा समिति के सदस्य, आईसीएआई की अकादमिक समिति के सदस्य, आईसीएआई की परियोजना समिति के सदस्य, राजस्थान सरकार की राज्य लोक शिकायत और निवारण समिति के सदस्य, राजस्थान सरकार के सरकारी उद्यमकर्ता में तकनीकी सलाहकार, राजस्थान सरकार के वैट सलाहकार एवं शिकायत समिति के सदस्य, राजस्थान सरकार के वित्त एवं बजट सलाहकार समिति के सदस्य, राजस्थान टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन के कार्यपालक सदस्य रहे हैं। वह अप्रैल 2016 से अप्रैल 2019 तक सांभर साल्ट लिमिटेड, भारत सरकार का उपक्रम के स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किए गए थे। उन्हें 21 जनवरी, 2020 से हिंदुस्तान साल्ट लिमिटेड तथा सांभर साल्ट लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

उन्होंने विभिन्न अध्ययन समूहों में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, ताशकंद (उज्बेकिस्तान), बाली (इंडोनेशिया), हांगकांग, मकाऊ, हंगरी (बुडापेस्ट), चेक गणराज्य, स्लोवाकिया, ऑस्ट्रिया, गर्नमनी आदि का भी दौरा किया है।

इसके अलावा, लेखक और संपादक के रूप में उन्होंने पाञ्चजन्य साप्ताहिक को समाचार और लेख भेजे हैं। वह समाचार जगत दैनिक पत्र के लिए साप्ताहिक आर्थिक विश्लेषण लेखक भी थे। वे विभिन्न पुस्तकों यथा विधानसभा चुनाव 2003 व 2008 के राजस्थान राज्य विधानसभा चुनाव विश्लेषण पुस्तक, लोकसभा चुनाव विश्लेषण (1984-2009), राजस्थान मूल्य वर्धित कर 2006 और लोकसभा चुनाव विश्लेषण (1984-2014) के संपादक भी थे।

श्री स्वरूप कुमार साह (प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी) :

श्री स्वरूप कुमार साहा को 03 जून, 2025 को पंजाब एण्ड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है। पंजाब एण्ड सिंध बैंक के एमडी एण्ड सीईओ से पूर्व आप 10 मार्च, 2021 से पंजाब नैशनल बैंक में कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत थे।

श्री साहा, कोलकाता विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक हैं। अपने कैरियर के आरंभ वर्ष 1990 में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में पूर्ववर्ती ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स में किया। ये इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकर्स (सीएआईआईबी) के प्रमाणित संबद्ध सदस्य है। इन्हें आईटी सुरक्षा, साइबर अपराध और धोखाधड़ी प्रबंधन से संबंधित विभिन्न प्रमाणन के साथ-साथ भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान से ट्रेजरी (आईआईबीएफ), निवेश और जोखिम प्रबंधन (डीटीआईआरएम) में डिप्लोमा तथा सीआईएसआई, लंदन के सहयोग से आईआईबीएफ से वित्तीय सेवाओं में जोखिम में प्रमाण-पत्र भी प्राप्त है।

श्री साहा, आईआईएम, बैंगलोर के माध्यम से 2019 में आयोजित बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) के फ्लेगशिप लीडरशिप डेवलपमेंट कार्यक्रम के प्रतिभागियों में शामिल थे। इन्होंने सीएएफआरएएल/ स्टर्न बिज़नेस स्कूल, न्यूयॉर्क द्वारा आयोजित उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम तथा एनआईबीएम एण्ड केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, यूएसए द्वारा आयोजित नेतृत्व विकास कार्यक्रम में भी भाग लिया है।

30 वर्ष से अधिक के कैरियर में उन्होंने देश के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग पदों पर कार्य किया है। उन्हें मानव संसाधन विकास, कोष, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, ऋण, जोखिम प्रबंधन, संगठन पुनर्संरचना और बोर्ड मामलों का व्यापक अनुभव है। पूर्ववर्ती ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स के प्रधान कार्यालय में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कोष और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, मानव संसाधन विकास प्रभाग और बोर्ड प्रभाग के प्रमुख के रूप में अपनी सेवाएं दी है।

श्री जितेन्द्र असाटी (वित्त मंत्रालय नामित निदेशक) :

वित्तीय सेवाएं विभाग के निदेशक श्री जितेन्द्र असाटी को डीएफएस आदेश दिनांकित 05.01.026 के माध्यम से दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के बोर्ड में भारत सरकार के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

भारतीय आर्थिक सेवा के अखिल भारतीय शीर्ष स्थान प्राप्तकर्ता श्री जितेन्द्र असाटी, जनवरी 2010 में एक अर्थशास्त्री नौकरशाह के रूप में सरकार में शामिल हुए। इन प्रारंभिक वर्षों के दौरान, उन्होंने भारत के वित्त मंत्रालय के साथ इंडिया मिशन वाशिंगटन डीसी में और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में विभिन्न भूमिकाओं में विशिष्टता के साथ कार्य किया है। सरकार में शामिल होने से पहले, श्री असाटी ने भा.रि.बैंक में ग्रेड बी अधिकारी के रूप में कार्य किया।

श्री असाटी ने वित्त मंत्रालय में सहायक निदेशक के रूप में अमिट छाप छोड़ी, जहां उन्होंने वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद, एक्सटर्नल मार्केट्स और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के डेस्क को संभाला। उन्होंने बाह्य वाणिज्यिक उधार नीति को आकार देने और विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम के अंतर्गत निवेश विनियमों का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वाशिंगटन डीसी में, श्री असाटी ने आर्थिक, व्यापार और निवेश संबंधों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी के रूप में उन्होंने मूल्य निर्धारण सुधार, सब्सिडी युक्तिकरण और जीवन की सुगमता को बढ़ाने से संबंधित तेल और गैस क्षेत्र में कई अग्रणी सुधारों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

डीएफएस में, श्री असाटी को वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की व्यवहार्यता को मजबूत करने के लिए कृषि ऋण को बढ़ाने का कार्य सौंपा गया है।

श्री असाटी को अपने अकादमिक अध्ययन के दौरान स्वर्ण पदक और उत्कृष्टता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से एम.फिल और ऑल इंडिया जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त की है। उन्होंने आर्थिक सुधार और सुशासन, तेल की कीमतों में अस्थिरता, सतत ऊर्जा और द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग सहित विभिन्न विषयों पर प्रमुख पत्रिकाओं और प्रमुख आर्थिक दैनिकों में अनेक लेख लिखे हैं।

2.5 बोर्ड बैठकें :

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध एवं प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1980 के खंड 12 के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम 6 बैठकों के विरुद्ध निम्न तिथियों पर कुल 16 बोर्ड बैठकें आयोजित की गई :

29.04.2025	09.06.2025	20.06.2025	19.07.2025	29.07.2025
19.08.2025	30.08.2025	19.09.2025	16.10.2025	04.11.2025
18.11.2025	17.12.2025	17.01.2026	10.02.2026	09.03.2026
24.03.2026	-	-	-	-

निदेशकों के संबंधित कार्यकाल में आयोजित उपर्युक्त बोर्ड बैठकों में उनकी उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :

क्र. सं.	निदेशक का नाम	अवधि	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकें जिनमें सहभागिता की	दिनांक 05.08.2025 को आयोजित एजीएम में उपस्थिति
1	श्री स्वरूप कुमार साहा – एमडी एवं सीईओ	01.04.2025 से 31.03.2026	16	15*	उपस्थित

2	श्री रवि मेहरा – कार्यपालक निदेशक	01.04.2025 से 31.03.2026	16	13*	अनुपस्थित
3	श्री राजीवा – कार्यपालक निदेशक	01.04.2025 से 31.03.2026	16	15*	उपस्थित
4	श्री जितेन्द्र असाटी – वित्त मंत्रालय नामित निदेशक	15.09.2025 से 31.03.2026	9	7	अप्रयोज्य
5	श्री शंकर लाल अग्रवाल – गैर-सरकारी निदेशक	11.04.2025 से 31.03.2026	16	16	उपस्थित
6	श्री विवेक श्रीवास्तव आरबीआई नामित निदेशक	01.04.2025 से 31.03.2026	16	16	उपस्थित
7	श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता- शेयरधारक निदेशक	01.04.2025 से 31.03.2026	16	16	अनुपस्थित
8	श्रीमती एम. जी. जयश्री – पूर्व एमओएफ नामित निदेशक	01.04.2025 से 08.09.2025	7	7	अनुपस्थित

* दिनांक 30.08.2025 को आयोजित बोर्ड बैठक में डब्ल्यूटीडी ने स्वयं को इससे अलग कर लिया तथा श्रीमती एम. जी. जयश्री – एमओएफ नामित निदेशक, बैठक की अध्यक्ष थीं।

2.6 निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा की जाती है। निदेशकों का परस्पर कोई संबंध नहीं है।

2.7 स्वतंत्र निदेशकों को दी गई कार्य-पद्धति कार्यक्रम का विवरण बैंक वेबसाइट पर उद्घाटित है तथा यूआरएल https://punjabandsind.bank.in/content/familiarization-programmes-imparted-to-directors पर इसका अवलोकन किया जा सकता है।

2.8 निदेशक-मंडल के कौशल/ विशेषज्ञता/ योग्यता का निर्धारण करने वाला संचित्र/आव्यूह :

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1980 के अनुसार, किसी निदेशक के पास एक या अधिक विषयों यथा कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, सहकारिता, अर्थशास्त्र, वित्त, विधि, लघु उद्योग इत्यादि के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यवहारिक अनुभव होगा।

निदेशक मंडल के कौशल / विशेषज्ञता/ योग्यता का निर्धारण करने वाला संचित्र/आव्यूह नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	निदेशक का नाम एवं श्रेणी	अनुभव	मुख्य कौशल/ विशेषज्ञता/ योग्यता
1	श्री स्वरूप कुमार साहा – एमडी एवं सीईओ	बी. एससी (ऑनर्स), कोष, निवेश और जोखिम प्रबंधन (डीटीआईआरएम) में डिप्लोमा, सीएआईआईबी, वित्तीय सेवाओं में जोखिम में प्रमाणन। 34 वर्षों से अधिक का अनुभव। पूर्व में पंजाब नैशनल बैंक में कार्यपालक निदेशक रहे हैं।	बैंकिंग एवं वित्त
2	श्री रवि मेहरा- कार्यपालक निदेशक	वाणिज्य में स्नात्तकोत्तर तथा भारतीय बैंकर्स संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी)। 30 वर्षों से अधिक का बैंकिंग अनुभव।	बैंकिंग एवं वित्त
3	श्री राजीवा - कार्यपालक निदेशक	कला में स्नातकोत्तर, एमबीए (बैंकिंग और वित्त), भारतीय बैंकर्स संस्थान के प्रमाणित एसोसिएट (सीएआईआईबी)। बैंकिंग में 30 वर्ष से अधिक का अनुभव।	बैंकिंग एवं वित्त
4	श्री जितेन्द्र असाटी – वित्त मंत्रालय नामित निदेशक	मास्टर ऑफ़ फिलॉसफी, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय। निदेशक, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय।	प्रशासन एवं प्रबंधन
5	श्री विवेक श्रीवास्तव- आरबीआई नामित निदेशक	इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कला में स्नातकोत्तर, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ में क्षेत्रीय निदेशक।	बैंकिंग एवं वित्त
6	श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता- शेयरधारक निदेशक	स्नातकोत्तर (भौतिकी), भारतीय बीमा संस्थान के अध्येता। भारतीय जीवन बीमा निगम में विपणन एवं प्रशासन के क्षेत्र में 36 वर्षों का अनुभव।	मानव संसाधन, बैंक-बीमा
7	श्री शंकर लाल अग्रवाल – गैर सरकारी निदेशक	बी. कॉम, एल.एल.बी तथा अर्हता प्राप्त सनदी लेखाकार। वर्ष 1989 से फर्म के वरिष्ठ भागीदार के रूप में कार्यरत।	बैंकिंग एवं वित्त

आगे, यह है :

i) पुष्टि की जाती है कि बोर्ड के अभिमत में, स्वतंत्र निदेशक, सेबी एलओडीआर विनियम में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं तथा

ii) सूचित किया जाता है कि कार्यकाल समाप्ति से पूर्व किसी भी स्वतंत्र निदेशक के त्यागपत्र का कोई प्रकरण नहीं है।

3) निदेशकों की समिति:

कंपनी अभिशासन और जोखिम प्रबंधन पर भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के निदेशक मंडल ने सामरिक महत्व के विभिन्न क्षेत्रों की निगरानी के लिए निदेशकों की विभिन्न समितियों का गठन किया है। प्रबंधन वर्ग ने बोर्ड/ समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के दौरान

मानव संसाधन/ आईआर के प्रचालन कार्य-निष्पादन व विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास, खंड/ उत्पाद कार्य-निष्पादन, अवसरों, चुनौतियों, जोखिमों और तत्संबंधी आवश्यकताओं के विश्लेषण पर बल दिया है। बोर्ड की महत्वपूर्ण समितियाँ इस प्रकार है:

क्र. सं.	समिति का नाम
1.	बोर्ड की प्रबंधन समिति
2.	बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति
3.	धोखाधड़ी प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति
4.	सतर्कता, अनुशासनात्मक मामले और विभागीय जांच से संव्यवहार हेतु निदेशकों की समिति (बोर्ड की सतर्कता समिति)
5.	बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति
6.	बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति
7.	बोर्ड की हितधारक संबंध समिति
8.	बोर्ड की एचआर समिति
9.	बोर्ड की आईटी कार्यनीति समिति
10.	अपील और समीक्षा के प्रकरणों से संव्यवहार हेतु समिति
11.	वसूली की निगरानी के लिए समिति
12.	इरादतन चूककर्ता के लिए समीक्षा समिति
13.	नामांकन और पारिश्रमिक समिति
14.	कार्य-निष्पादन मूल्यांकन के लिए बोर्ड समिति (एमडी एवं सीईओ, ईडी तथा जीएम के लिए)
15.	बोर्ड की ऋण अनुमोदन समिति
19	नामांकन और पारिश्रमिक समिति	नामांकन और पारिश्रमिक समिति की संरचना और संदर्भ की शर्तें, आरबीआई निर्देशों/दिशानिर्देशों द्वारा अभिशासित होती हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार नामांकन और पारिश्रमिक समिति, अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के अंतर्गत निदेशकों के रूप में चयनित होने वाले व्यक्तियों की 'उचित और उपयुक्त' स्थिति के निर्धारण के लिए समुचित सावधानी की प्रक्रिया करती है। बैंक के पास समिति का गठन करने के लिए पर्याप्त संख्या में निदेशक नहीं हैं।
20	हितधारक संबंध समिति	अनुपालन किया गया।
21	जोखिम प्रबंधन समिति	अनुपालन किया गया।
22	विजिल तंत्र	अनुपालन किया गया।
23	संबद्ध पक्षकार लेनदेन	अनुपालन किया गया।
24	सूचीबद्ध इकाई की अनुषंगी के संबंध में कॉरपोरेट अभिशासन अपेक्षाएं	अप्रयोज्य।
24 A	सचिवालय लेखापरीक्षा	अनुपालन किया गया।
25	स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में बाध्यताएं	अनुपालन किया गया।
26	वरिष्ठ प्रबंधन, प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों, निदेशकों तथा प्रवर्तकों सहित कार्मिकों के संबंध में बाध्यताएं	अनुपालन किया गया।
27	अन्य कंपनी अभिशासन अपेक्षाएं	अनुपालन किया गया।
46 (2) (b) से (i)	वेबसाइट	अनुपालन किया गया।

9) अदावी लाभांशः

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की शर्तों के अनुसार बैंक को संबंधित असंदत्त लाभांश लेखा में अंतरित लाभांश राशि जो अंतरण की तिथि से सात वर्ष की अवधि के लिए असंदत्त/अदावाकृत हैं, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 125 के अंतर्गत स्थापित निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) में अंतरित करना आवश्यक हैः

क्र.सं.	अदावी लाभांश का विवरण	दिनांक 31.03.2026 को शेष
1	लाभांश 2021-22	7,02,204.69
2	लाभांश 2022-23	7,86,997.52
3	लाभांश 2023-24	2,71,057.98
4	लाभांश 2024-25	96,840.52

10) बैंक द्वारा जारी बॉण्ड हेतु डिबेंचर ट्रस्टी निम्नलिखित है:

बॉण्डधारकों के लिए ट्रस्टी

IDBI trustee IDBI Trusteeship Services Ltd आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड यूनीवर्सल इंश्योरेंस बिल्डिंग, भू-तल, सर पी एम रोड, फोर्ट मुंबई, महाराष्ट्र – 400 001 दूरभाष संख्या 022-40807000, ई-मेल: itsl@idbitrustee.com	AXIS TRUSTEE एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज़ लिमिटेड एक्सिस हाउस, बॉम्बे डाइंग मिल परिसर, पांडुरंग बुद्धकर मार्ग वर्ली, मुंबई - 400 025 दूरभाष: +91 22 62260054/ 6226 0050 ई-मेल: debenturetrustee@axistrustee.in	VISTRA ITCL विस्त्राआईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड द आईएल एण्ड एफएस वित्तीय केंद्र प्लॉट संख्या सी-22, जी ब्लॉक, छठा तल बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स बांद्रा (पूर्व), मुबंई 400051 दूरभाष : +91 22 69300000 फैक्स : +91 22 28500029 ई-मेल : mumbai@vistra.com

11) निलंब खाते में आबंटितीयों के अदावी शेयरों के संबंध में स्थिति रिपोर्ट (31.03.2026):

क्र. सं.	विवरण	एनएसडीएल IN301330-21335661	सीडीएसएल 1601010000399414
1.	वर्ष के आरंभ में पीएसबी अदावी उचंत खाते में रखे हुए शेयरों की संख्या	1172	1230
2.	शेयर अंतरण के लिए संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या तथा उन शेयरधारकों की संख्या जिनके शेयरों को उचंत खाते से अंतरित किया गया	--	--
3.	वर्ष के अंत में पीएसबी अदावी उचंत खाते में रखे हुए शेयरों की संख्या	1172*	1230*

* प्रमाणित किया जाता है कि इन शेयरों पर मताधिकार, उक्त शेयरों के वास्तविक स्वामी द्वारा दावा किए जाने तक अवरोधित रहेंगे।

12) 31 मार्च, 2026 तक शेयरधारिता पैटर्न :

क्र. सं.	श्रेणी	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या	इक्विटी का %
1	भारत के राष्ट्रपति	1	6,65,90,51,093	93.85
2	समाशोधनकर्ता सदस्य	28	2,24,505	-
3	अन्य निगमित निकाय	334	93,30,920	0.13
4	हिंदू अविभक्त परिवार	4,988	54,65,118	0.08
5	म्यूच्युअल फंड	9	81,02,553	0.11
6	राष्ट्रीयकृत बैंक	10	11,23,59,952	1.58
7	गैर-राष्ट्रीयकृत बैंक	2	93,82,329	0.13
8	अनिवासी भारतीय	751	25,73,256	0.04
9	अनिवासी (गैर-प्रत्यावर्तनीय)	966	9,71,103	0.02
10	जनता	2,19,580	12,99,21,144	1.83
11	न्यास	8	1,26,676	0.00
12	बीमा कंपनियां	9	14,07,82,271	1.99
13	निगमित निकाय-लिमिटेड देयता साझेदारी	19	1,78,863	0.00
14	अदावी शेयर्स	2	2,402	-
15	एफपीआई (कॉरपोरेट)- I	8	1,05,97,529	0.15
16	वैकल्पिक निवेश निधि - I	1	65,15,506	0.09
कुल		**2,26,716**	**7,09,55,85,220**	**100.00**

13) **कंपनी सचिव से इस आशय का प्रमाण-पत्र कि निदेशक मंडल के किसी भी निदेशक को बोर्ड/ कॉरपोरेट कार्य के मंत्रालय या किसी अन्य सांविधिक प्राधिकारी द्वारा कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रखे जाने से वंचित अथवा अयोग्य नहीं ठहराया गया है, प्राप्त किया गया है तथा यह रिपोर्ट का अभिन्न भाग है।**

R S KATHURIA & Co.
Company Secretaries
FCS, LL.B, Insolvency Professional

A-215/55, Chawla Complex,
Shakarpur, Delhi- 110092
Tel:- 98-10544091
E-mail: rsk04069@rediffmail.com
Peer Review Certificate No.: 3028/2023

निदेशकों के गैर-अयोग्यता का प्रमाण पत्र

{सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियमन 34 (3) तथा अनुसूची V, अनुच्छेद सी, खंड (10) (i) के अनुसरण में}

सदस्य
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
बैंक हाउस, 21, राजेंद्र प्लेस
नई दिल्ली -110008

हमने, पंजाब एण्ड सिंध बैंक जिसका कॉरपोरेट कार्यालय एनबीसीसी कार्यालय परिसर, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली – 110023 (यहाँ इसके बाद 'बैंक' के रूप में संदर्भित) में है, के प्रासंगिक रजिस्टर, अभिलेखों, फॉर्म, विवरणियों तथा निदेशकों से प्राप्त प्रकटनों की जांच की है जिन्हें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 की अनुसूची V, अनुच्छेद सी, उप खंड (10) (i) के साथ पठित विनियमन 34 (3) के अनुसरण में इस प्रमाण-पत्र को जारी करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा हमारे समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

हमारे विचार से तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और यथा आवश्यक माने गए सत्यापनों {पोर्टल www.mca.gov.in पर निदेशकों की पहचान संख्या (DIN) की स्थिति सहित} एवं बैंक व उसके अधिकारियों द्वारा हमारे समक्ष प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण के अनुसार हम एतद द्वारा प्रमाणित करते हैं कि नीचे बताए गए अनुसार बैंक बोर्ड के किसी भी निदेशक को 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, कॉरपोरेट मामले मंत्रालय या ऐसे किसी अन्य सांविधिक प्राधिकारी द्वारा कंपनियों के निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने या जारी रखे जाने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है अथवा अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

क्र. सं.	निदेशक का नाम	पदनाम
1	श्री स्वरूप कुमार साहा	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
2	श्री रवि मेहरा	कार्यपालक निदेशक
3	श्री राजीवा	कार्यपालक निदेशक
4	श्री जितेन्द्र असाटी	गैर कार्यपालक - नामित निदेशक
5	श्री आर. पी. गुप्ता	गैर कार्यपालक - स्वतंत्र निदेशक
6	श्री विवेक श्रीवास्तव	गैर कार्यपालक - नामित निदेशक
7	श्री शंकर लाल अग्रवाल	गैर कार्यपालक - स्वतंत्र निदेशक

नियुक्ति की पात्रता सुनिश्चित करने/बोर्ड में प्रत्येक निदेशक को जारी रखने का उत्तरदायित्व, बैंक प्रबंधन का है। हमारा दायित्व है कि हम अपने सत्यापन के आधार पर इन पर विचार प्रकट करें। यह प्रमाण-पत्र, भविष्य में न तो बैंक की व्यवहार्यता और न ही दक्षता या प्रभावशीलता के लिए आश्वासन है जिससे प्रबंधन, बैंक संबंधी व्यवसाय करता है।

कृते आर एस कथूरिया एण्ड कंपनी
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 23 अप्रैल, 2026

आर. एस. कथूरिया
प्रोपराइटर
एफसीएस 5217; सीपी संख्या : 3112
यूडीआईएन : F005217H000184803

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अंतर्गत
कंपनी अभिशासन की शर्तों के अनुपालन पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों का प्रमाण-पत्र

सेवा में,
पंजाब एण्ड सिंध बैंक के सदस्य

हमारे द्वारा यथासंशोधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (एतदपश्चात 'सूचीबद्धता विनियम' के रूप में संदर्भित) के अनुसार 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** (एतदपश्चात 'बैंक' के रूप में संदर्भित) द्वारा कंपनी अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की गई है।

कंपनी अभिशासन की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन का दायित्व है। हमारी जांच, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा कंपनी अभिशासन के प्रमाणन पर जारी मार्गदर्शन नोट के अनुसार की गई थी और यह कंपनी अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक द्वारा अंगीकृत प्रक्रियाओं और उसके कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह न तो लेखापरीक्षा है और न ही बैंक की वित्तीय विवरणियों के विषय में हमारा अभिमत है।

हमारे अभिमत और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के आधार पर प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित के अतिरिक्त बैंक ने यथा संशोधित बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 तथा यथा संशोधित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 का खंडन नहीं किए जाने की सीमा तक सूचीबद्धता विनियम में अनुबद्ध अनुसार समस्त महत्वपूर्ण पहलुओं में कंपनी अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है:

a) सूचीबद्धता विनियम द्वारा अपेक्षित अनुसार बैंक के बोर्ड में कोई स्वतंत्र महिला निदेशक तथा अध्यक्ष नहीं है।
b) बैंक के बोर्ड में यथा संशोधित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3) (e), 9 (3) (f), 9 (3) (g) के अंतर्गत एक-एक निदेशक तथा धारा 9 (3) (h) के अंतर्गत चार निदेशकों के पद रिक्त थे।
c) दिनांक 01.04.2025 से 20.04.2025 तक निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति का गठन नहीं किया जा सका। तथापि, शेष वर्ष के दौरान इसका विधिवत गठन किया गया था।
d) दिनांक 01.04.2025 से 20.04.2025 तक और दिनांक 09.09.2025 से 14.09.2025 तक निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति का गठन नहीं किया जा सका। तथापि, शेष वर्ष के दौरान इसका विधिवत गठन किया गया था।
e) निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण बोर्ड की नामांकन और पारिश्रमिक समिति का गठन नहीं किया जा सका तथा इसे निदेशक मंडल में ही समाहित कर लिया गया है।
f) दिनांक 09.09.2025 से 14.09.2025 तक निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण धोखाधड़ी के प्रकरणों की निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए बोर्ड की विशेष समिति का गठन नहीं किया जा सका। तथापि, शेष वर्ष के दौरान इसका विधिवत गठन किया गया था।
g) दिनांक 09.09.2025 से 14.09.2025 तक निदेशकों की अपर्याप्त संख्या के कारण बोर्ड की हितधारक संबंध समिति का गठन नहीं किया जा सका। तथापि, शेष वर्ष के दौरान इसका विधिवत गठन किया गया था।

यह प्रमाण-पत्र, बैंक के सदस्यों को संबोधित है तथा उन्हें केवल कंपनी अभिशासन से संबंधित सूचीबद्धता विनियम की अपेक्षाओं को समझने में सक्षम करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया है तथा इसका उपयोग किसी अन्य व्यक्ति अथवा अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। तदनुसार, हम किसी अन्य उद्देश्य अथवा किसी अन्य व्यक्ति जिसे यह प्रमाण-पत्र दिखाया गया है या जिनके पास हमारी पूर्व लिखित सहमति के बिना यह प्रमाण-पत्र हो सकता है, के लिए कोई दायित्व या विधिक कर्तव्य स्वीकार अथवा या ग्रहण नहीं करते हैं। प्रमाण-पत्र के जारी होने के पश्चात होने वाली किसी भी घटना या परिस्थिति के लिए इस प्रमाण-पत्र को अद्यतित करने की हमारी कोई जवाबदेही नहीं है।

हमारा यह भी अभिकथन है कि इस प्रकार का अनुपालन न तो भविष्य में बैंक की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही प्रबंधन द्वारा बैंक कार्यों के संचालन की दक्षता या प्रभावशीलता से संबंधित है।

एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी सनदी लेखाकार एफआरएन : 000346N **(सनदी लेखाकार प्रतीक गुप्ता)** साझेदार एम सं. 566023 यूडीआईएन:	**गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स** सनदी लेखाकार एफआरएन : 001466N **(सनदी लेखाकार गुरनीत सिंह भान)** साझेदार एम सं. 532675 यूडीआईएन:

ओ. पी. तोतला एण्ड कंपनी सनदी लेखाकार एफआरएन : 000734C **(सनदी लेखाकार अभिजीत गुप्ता)** साझेदार एम सं. 454850 यूडीआईएन :	**एनबीएस एण्ड कंपनी** सनदी लेखाकार एफआरएन : 110100W **(सनदी लेखाकार शरथ के शेट्टे)** साझेदार एम. सं. 132775 यूडीआईएन :

दिनांक : 27 अप्रैल, 2026
स्थान : नई दिल्ली

निदेशक मंडल
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
नई दिल्ली

आदरणीय महोदय,

विषय : भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 की अनुसूची-V के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए घोषणा।

यह घोषणा की जाती है कि बैंक के समस्त बोर्ड सदस्यों और उच्च प्रबंधन कार्मिकों ने शेयर बाज़ारों के साथ किए गए सूचीयन करार तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 की अनुसूची-V के अनुसरण में 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है। उक्त आचार संहिता को बैंक वेबसाइट https://punjabandsind.bank.in/ पर भी प्रदर्शित किया गया है।

कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27.04.2026

(स्वरूप कुमार साहा)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

निदेशक मंडल
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
नई दिल्ली

आदरणीय महोदय,

विषयः वर्ष 2025-26 के लिए सीएफओ/ सीईओ प्रमाणीकरण।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं] विनियम, 2015 के अनुपालन प्रमाण-पत्र की अनुसूची-II कंपनी अभिशासन भाग-बी के अनुसरण में हम एतदद्वारा प्रमाणित करते हैं कि :

(A) हमने वर्ष के वित्तीय विवरणियों तथा नगदी प्रवाह विवरणी की समीक्षा की है तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार :

1) इन विवरणों में तात्विक रूप से कोई असत्य विवरण अंतर्विष्ट नहीं है या इनमें किसी महत्वपूर्ण/ तात्विक तथ्य का लोप नहीं किया गया है या इनमें ऐसे विवरण अंतर्विष्ट नहीं है जो भ्रामक हो।
2) ये अभिकथन/विवरण कुल मिलाकर बैंक के कार्यकलापों का सही एवं निष्पक्ष/स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं और ये विद्यमान लेखा-मानकों, प्रयोज्य विधियों एवं विनियमों के अनुपालन में हैं।

(B) हमारी जानकारी व विश्वास के अनुसार, वर्ष के दौरान बैंक द्वारा ऐसा कोई संव्यवहार नहीं किया गया है जो कपटपूर्ण, अवैध हो या जिनसे बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन हुआ हो।

(C) हम वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने की व उन्हें बनाए रखने का दायित्व स्वीकार करते हैं तथा हमने वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में बैंक के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया है तथा इस प्रकार के आंतरिक नियंत्रणों के स्वरूप व प्रचालन संबंधी कमियों (यदि कोई हो), जो हमारे संज्ञान में है, के संबंध में और इन कमियों को दूर करने के जो उपाय किए हैं या प्रस्तावित है, के संबंध में लेखापरीक्षकों तथा लेखापरीक्षा समिति को प्रकटीकरण कर दिया है।

(D) हमने लेखा परीक्षकों तथा लेखापरीक्षा समिति को निम्न के विषय में अवगत कराया है :

1) वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में आंतरिक नियंत्रण में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन;
2) वर्ष के दौरान लेखा नीतियों में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन तथा इसका प्रकटीकरण वित्तीय विवरणियों के नोट में किया गया है; तथा
3) हमारे संज्ञान में आए कपट के महत्वपूर्ण दृष्टांत तथा उसमें प्रबंधन या किसी कार्मिक की संलिप्तता, यदि कोई हो, जिसकी वित्तीय रिपोर्टिंग में बैंक की आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका हो।

	कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक	कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक
स्थान : नई दिल्ली	(अर्नब गोस्वामी)	(स्वरूप कुमार साहा)
दिनांक : 27.04.2026	मुख्य वित्तीय अधिकारी	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

मेसर्स एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी सनदी लेखाकार 31-एफ, कनॉट प्लेस, रेडियल रोड नंबर-7 नई दिल्ली-110001	**मेसर्स गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स** सनदी लेखाकार 142, सेक्टर-3, त्रिकुटा नगर, जम्मू-180012
मेसर्स ओ. पी. तोतला एण्ड कंपनी सनदी लेखाकार 302, अलंकार प्वाइंट, गीता भवन स्क्वेयर इंदौर-452001 (मध्यप्रदेश)	**मेसर्स एनबीएस एण्ड कंपनी** सनदी लेखाकार 14/2, वेस्टर्न इंडिया हाउस, सर पी.एम. रोड फोर्ट, मुंबई-400001

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में

पंजाब एण्ड सिंध बैंक के सदस्य

अभिमत

1. हमने, **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** ('बैंक') की वित्तीय विवरणियों की लेखापरीक्षा की है जिनमें 31 मार्च, 2026 का तुलन-पत्र तथा इस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए बैंक के लाभ-हानि खाते तथा नकदी प्रवाह विवरणी तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों सहित वित्तीय विवरणियों पर नोट्स और अन्य व्याख्यात्मक सूचना शामिल है जिनमें उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए हमारे द्वारा लेखा परीक्षित 20 शाखाएं और कोष विभाग तथा शाखाओं के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित 441 शाखाएं और 47 कार्यालय/ प्रसंस्करण केंद्र के विवरण शामिल हैं। हमारे द्वारा लेखापरीक्षित और अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित शाखाओं का चयन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंक के लिए जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। वित्तीय विवरणियों में उन 1193 शाखाओं की विवरणियां भी शामिल हैं जिनका लेखापरीक्षण नहीं किया गया है। इन अलेखापरीक्षित शाखाओं से अग्रिम का 20.19 प्रतिशत, जमाराशियों का 41.17 प्रतिशत, ब्याज आय का 14.36 प्रतिशत और ब्याज व्यय का 33.85 प्रतिशत भाग संबंधित है।

2. हमारे अभिमत में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार उपरोक्त वित्तीय विवरणियां, यथा संशोधित बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, ('अधिनियम') द्वारा आवश्यकतानुसार बैंक के अनुरूप जानकारी देती हैं और यह भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं और:

   a) टिप्पणियों के साथ पठित तुलन-पत्र एक पूर्ण और निष्पक्ष तुलन-पत्र है जिसमें समस्त आवश्यक विवरण शामिल हैं, 31 मार्च, 2026 को बैंक के क्रियाकलापों की स्थिति का सही और निष्पक्ष दृश्य प्रदर्शित करने के लिए समुचित रूप से तैयार किया गया है;

   b) टिप्पणियों के साथ पठित लाभ और हानि खाता, उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ का वास्तविक संतुलन प्रदर्शित करता है ; और

   c) नकदी प्रवाह विवरणी, उक्त तिथि पर समाप्त वर्ष के लिए सत्य तथा वास्तविक नकदी प्रवाह प्रस्तुत करती है।

अभिमत का आधार

3. हमने अपना लेखापरीक्षण, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी लेखापरीक्षण मानकों ("एसए") के अनुसार किया है। उक्त मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों को विस्तारपूर्वक हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण अनुभाग की लेखापरीक्षा के लिए लेखा-परीक्षकों की जवाबदेही में आगे वर्णित किया गया है। हम, आईसीएआई द्वारा जारी नैतिक आचार संहिता के साथ-साथ नैतिक अपेक्षाओं जो सामान्यतः भारत में स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप तैयार वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षण के लिए प्रासंगिक हैं जिसमें आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक, बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 के प्रावधान और भारतीय रिज़र्व बैंक ("भारिबैं") द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र व दिशानिर्देश शामिल हैं, के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं तथा हमने इन आवश्यकताओं तथा नैतिक आचार संहिता के अनुसार अपनी समस्त नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य, लेखापरीक्षा संबंधी मत का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले

4. वर्तमान वर्ष के लिए वित्तीय विवरणियों की हमारी लेखापरीक्षा में महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले, वे मामले हैं जो हमारे पेशेवर निर्णय में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को समग्र रूप से वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में प्रस्तुत किया गया था तथा उस पर विचार तैयार करने में हमने इन मामलों पर कार्रवाई की है तथा इन मामलों में हम अलग से कुछ विचार उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित करने के लिए बैंक के महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामलों का निर्धारण किया है, जिनका विवरण इस प्रकार है-

महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा मामले	**लेखापरीक्षा में हमारे मामले के संबंध में किस प्रकार कार्रवाई की गई**
<u>अग्रिम – वर्गीकरण और प्रावधान</u> (लेखांकन नीति संख्या 3 के साथ पठित वित्तीय विवरणों की अनुसूची 9 का संदर्भ लें) अग्रिमों को अर्जक तथा अनर्जक (एनपीए) अग्रिमों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और उन पर प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निर्धारित/ जारी आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण, प्रावधानीकरण और अन्य प्रासंगिक निर्देशों/ दिशानिर्देशों (विवेकपूर्ण मानदंड) के अनुसार किया जाता है। वर्गीकरण और प्रावधान, बैंक के कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) के साथ एकीकृत आईटी सॉफ्टवेयर द्वारा किए जाते हैं। विवेकपूर्ण मानदंडों के अंतर्गत एनपीए	<u>हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया :</u> हमने आस्तियों के वर्गीकरण एवं इसके प्रावधान के संबंध में बैंक के सॉफ्टवेयर, परिपत्रों, दिशानिर्देशों और भारिबैं के दिशा-निर्देशों, बैंक के आंतरिक निदेशों व प्रक्रियाओं और अन्य संबंधित नियामक या अन्य प्राधिकरण/ निकायों की जानकारी प्राप्त की है तथा निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रिया अंगीकृत की है : - अग्रिम निगरानी, पहचान/वर्गीकरण, प्रासंगिक डाटा गुणवत्ता के परीक्षण सहित ऋण न्यूनता का मूल्यांकन और सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट/ विद्यमान वास्तविक डाटा की समीक्षा के संबंध में सिस्टम

के प्रावधान का विस्तार मुख्य रूप से इसके काल-प्रभावन और रेखांकित प्रतिभूति की प्रतिलब्धता पर आधारित है। प्रतिभूति के मूल्यांकन में उच्च परिमाण के प्राक्कलन और निर्णय अंतर्भूत होने के कारण विवेकपूर्ण मानदंडों के किसी भी अनुचित अनुप्रयोग या प्रतिभूति के त्रुटिपूर्ण मूल्य पर विचार करने की स्थिति में, अग्रिमों का वहन मूल्य, व्यक्तिशः या समग्रतः तात्विक रूप में गलत हो सकता है और वित्तीय विवरणों में अग्रिमों की राशि अर्थात कुल आस्ति का 64.66% के महत्व को ध्यान में रखते हुए, अग्रिमों के वर्गीकरण और उस पर प्रावधान को हमारे लेखापरीक्षा में प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना गया है।	नियंत्रण और अन्य प्रमुख आंतरिक नियंत्रण तंत्र की प्रभावशीलता का मूल्यांकन और परीक्षण। - किसी भी अग्रिम खाते में अतिदेय, असंतोषजनक आचरण या अशक्ति का पता लगाने के लिए वृहत एवं दबावग्रस्त अग्रिमों की नमूना जांच के आधार पर प्रलेखीकरण, परिचालनों/ निष्पादनों का सत्यापन/ समीक्षा और अग्रिम खातों की निगरानी, ताकि हमारे द्वारा लेखापरीक्षित शाखाओं/ कार्यक्षेत्र के संबंध में, भारिबैं के विवेकपूर्ण मानदंड के अनुसार इनका वर्गीकरण सुनिश्चित हो सके। शाखा सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित शाखाओं के संबंध में, हमें उनकी रिपोर्टों पर विश्वास है। - किसी प्रतिकूल संकेत/ टिप्पणी वाले अग्रिमों का पता लगाने के लिए ऋण लेखापरीक्षा, निरीक्षण लेखापरीक्षा, आंतरिक लेखापरीक्षा, संगामी लेखापरीक्षा, विनियामक लेखापरीक्षा और किसी भी अन्य लेखापरीक्षा/ निरीक्षण तंत्र की रिपोर्टों की समीक्षा और इस प्रकार के अग्रिमों का उचित वर्गीकरण और उनका प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए बैंक के नियंत्रण तंत्र की समीक्षा। लेखापरीक्षा के दौरान यथोचित आवश्यक परिवर्तन/ सुधार का परामर्श दिया गया और यथा आवश्यक, लेखापरीक्षा के अंतर्गत वर्ष के वित्तीय विवरणों में इसके प्रभाव को विधिवत शामिल किया गया।
<u>निवेश – मूल्यांकन, वर्गीकरण और पहचान तथा अनर्जक निवेशों के लिए प्रावधान</u> (लेखांकन नीति संख्या 2 के साथ पठित वित्तीय विवरणों की अनुसूची 8 का संदर्भ लें) बैंक के निवेश संविभाग में सरकारी प्रतिभूतियों, बॉण्ड्स, ऋण पत्र, शेयरों, प्रतिभूति प्राप्तियों तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश सम्मिलित है जिन्हें परिपक्वता तक धारित (HTM), बिक्री हेतु उपलब्ध (AFS) तथा लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (FVTPL) वर्गों में वर्गीकृत किया गया है जिसमें लाभ और हानि के माध्यम से उचित	<u>हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया :</u> भारिबैं परिपत्रों/ दिशानिर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में रूपरेखा की समीक्षा और परीक्षण, आंतरिक नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता और मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेश के अभिनिर्धारण, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में विशेष्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं शामिल हैं। इसमें विशेष रूप से – - हमने, मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेश के अभिनिर्धारण, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय रिज़र्व

मूल्य (FVTPL) की उप-श्रेणी के रूप में व्यापार हेतु धारित (HFT) शामिल है। निवेशों का मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों (एनपीआई) की पहचान और आय का तदनुरूपी अस्वीकरण और उन पर प्रावधान, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित परिपत्रों/ दिशानिर्देशों/ निर्देशों के अनुसार किए जाते हैं। उपरोक्त प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन, भारिबैं द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाना है जिसमें विभिन्न स्रोतों यथा एफबीआईएल दर, बीएसई/ एनएसई पर उद्धृत दर, गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण, प्रतिभूति पावती के प्रकरण में एनएवी इत्यादि से डाटा/ सूचना का संग्रहण सम्मिलित है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार, कतिपय निवेश ऐसे होते हैं जिनका मूल्यांकन, बाज़ार मूल्य पर किया जाता है तथापि कतिपय निवेश, मूल्यांकन पद्धतियों पर आधारित होते हैं जिनमें अंतर्निहित पूर्वानुमान वाले सांख्यिकीय प्रतिमान, वित्तीय विवरणों के आधार पर मूल्यांकन के लिए मूल्य का प्राक्कलन इत्यादि सम्मिलित होते हैं। इसलिए, इन निवेशों के मूल्यांकन के लिए ज्ञात मूल्य, वास्तविक प्रतिनिधि नहीं हो सकते है वरन वर्तमान तिथि में निवेश का उचित मूल्यांकन मात्र हो सकता है। इसलिए निवेश के मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और आगे वित्तीय विवरणों में निवेश की राशि अर्थात कुल आस्तियों का 27.55% के महत्व के मद्देनज़र, इसे हमारे लेखापरीक्षा में प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना गया है।	बैंक के प्रासंगिक दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए बैंक द्वारा निर्धारित प्रणाली तथा आंतरिक नियंत्रण का मूल्यांकन किया है तथा उसे समझा है। - हमने इन निवेशों का उचित मूल्य निर्धारित करने के लिए विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का आकलन और उनका मूल्यांकन किया है। - निवेश के चयनित नमूने (प्रतिभूति की प्रकृति के आधार पर निवेश की समस्त श्रेणियों को शामिल करते हुए) के लिए हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों/ निदेशों के अनुसार प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए पुनर्निष्पादन मूल्यांकन करके भारिबैं मास्टर परिपत्रों और निर्देशों के अनुसरण में सटीकता और अनुपालन का परीक्षण किया है। - हमने, एनपीआई के अभिनिर्धारण की प्रक्रिया तथा आय के तदनुरूप व्युत्क्रमण और प्रावधान के सृजन का निर्धारण और मूल्यांकन किया है। - हमने, सृजित किए जाने वाले प्रावधान की स्वतंत्र रूप से पुनर्गणना के लिए मूलभूत लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं कार्यान्वित की हैं। लेखापरीक्षा के दौरान यथास्थान आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं और लेखापरीक्षा के अंतर्गत वर्ष के लिए वित्तीय वक्तव्यों में इसके प्रभाव को विधिवत रूप से शामिल किया गया है।
<u>सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण</u> बैंक की वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणालियां, कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) और सीबीएस से संबद्ध या स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाली अन्य आईटी प्रणालियों के प्रभावी कामकाज पर अत्यधिक निर्भर हैं।	<u>हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया</u> - प्रणाली से निष्कर्षित रिपोर्ट/डेटा के आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली की परिचालन प्रभावशीलता का सत्यापन, परीक्षण और समीक्षा करना।

हमारा केंद्रित क्षेत्र, प्रणाली में प्रदाय किए जाने वाले तर्क, डाटा की शुचिता और विश्वसनीयता, अभिगम प्रबंधन और कर्तव्यों के पृथक्करण से संबंधित हैं। ये अंतर्निहित सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि अनुप्रयोगों और डाटा में परिवर्तन उपयुक्त, प्राधिकृत, परिमार्जित एवं परिवीक्षित हैं जिससे प्रणाली, सटीक एवं विश्वसनीय रिपोर्ट/ विवरणी और अन्य वित्तीय एवं गैर-वित्तीय जानकारी जिनका उपयोग वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए किया जाता है, प्रदान करे। वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणालियों का उपयोग किया जाता है। बैंक की परिचालन और वित्तीय प्रक्रियाएं, दैनिक आधार पर व्यापक परिमाण में कार्य करती हैं और विविध और जटिल लेनदेन को संसाधित करती हैं जो आईटी प्रणालियों पर अत्यधिक निर्भर हैं। एक जोखिम यह है कि स्वचालित लेखांकन प्रक्रियाएं एवं संबंधित आंतरिक नियंत्रणों को यथार्थतः परिकल्पित नहीं किया गया हो और प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर रहे हों, तथा हो सकता है कि डाटा को सही ढंग से प्रविष्ट, संसाधित और उत्पन्न/निष्कर्षित नहीं किया गया हो। उपरोक्त को मद्देनज़र इसे हमारी लेखापरीक्षा में मुख्य लेखापरीक्षा मामले के रूप में माना गया है।	- वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण सूचना प्रौद्योगिकी नियंत्रण (ओं) जिसमें एप्लिकेशन, अभिगम नियंत्रण सम्मिलित है, की परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा करना। - प्रणाली में डाटा प्रविष्टि को समझना तथा बैंक में विद्यमान आईटी प्रणाली से वित्तीय जानकारी और विवरणियां निकालने की प्रक्रिया की जांच करना। - बैंक के विनियम/ नीति में किसी भी परिवर्तन की आवश्यकताओं की जांच करना तथा सूचना प्रौद्योगिकी में उसके कॉन्फ़िगरेशन/प्रभाव की जांच करना। हमने सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य तथा बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली व सीबीएस पर स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग (IFCoFR) लेखापरीक्षा/ समीक्षा / परीक्षण पर आईएस, सिस्टम लॉजिक और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर भी विश्वास किया है।

वित्तीय विवरणों तथा उन पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अतिरिक्त जानकारी

5. अन्य जानकारियों के लिए बैंक का निदेशक मंडल उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में कंपनी अभिशासन रिपोर्ट सम्मिलित है जिसे हमने इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट को जारी करने के समय प्राप्त की थी। अन्य जानकारी में अपेक्षित अनुलग्नकों (परंतु इसमें वित्तीय विवरणियां और उस पर हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है) जिसे इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तिथि के बाद हमें उपलब्ध कराया जाना प्रत्याशित है, सहित निदेशकों की रिपोर्ट भी समाविष्ट है।

   वित्तीय विवरणियों पर हमारा अभिमत अन्य जानकारियों तथा बासल III के अंतर्गत स्तंभ 3 प्रकटीकरण को शामिल नहीं करता है तथा हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन एवं निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणियों की हमारे लेखापरीक्षा के संबंध में हमारी जिम्मेदारी उपरोक्त चिह्नित की गई अन्य जानकारियों का अध्ययन करना है तथा ऐसा करते समय विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी, वित्तीय विवरणियों या लेखापरीक्षा में संज्ञान में आई हमारी जानकारी के साथ तात्विक रूप से असंगत है या अन्यथा तात्विक रूप से असंगत प्रतीत होते हैं।

लेखापरीक्षक की इस रिपोर्ट की तिथि से पूर्व प्राप्त अन्य जानकारी पर हमने जो कार्य किया है, यदि उसके आधार पर हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी में वस्तुगत त्रुटि है तो उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। हमारे पास इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है। इसके अतिरिक्त, इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तिथि के पश्चात हमें उपलब्ध कराए जाने वाले अन्य जानकारी के अध्ययन में यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उसमें कोई महत्वपूर्ण मिथ्या कथन है तो हमें इस मामले को अभिशासन प्रभारी को सूचित करना आवश्यक है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और अभिशासन प्रभारी के उत्तरदायित्व

6. बैंक का निदेशक मंडल, इन वित्तीय विवरणों को आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानकों और बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक ('आरबीआई') द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों व दिशानिर्देशों सहित भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप तैयार करने के लिए उत्तरदायी है जो बैंक की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन तथा नगदी प्रवाह की वास्तविक तथा उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं। इस उत्तरदायित्व में बैंक आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं से बचने और धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए बनाए गए अधिनियम के प्रावधानों; उपयुक्त लेखांकन नीति का चयन तथा अनुप्रयोग; विवेकपूर्ण एवं तर्कसंगत अनुमान एवं आकलन करना और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा बनाना, कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण, जिन्हें लेखांकन रिकार्ड की पूर्णता एवं सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से परिचालित किया जा रहा था जो वित्तीय विवरणियों को तैयार करने एवं प्रस्तुतीकरण से संबंधित थे और जो वास्तविक एवं उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण महत्वपूर्ण गलत विवरण से मुक्त हैं, के अनुसरण में उपयुक्त लेखांकन अभिलेखों को अनुरक्षित करना भी शामिल है।

   वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने में, लाभकारी कारोबार वाली संस्था के रूप में जारी रखने के लिए बैंक की क्षमता का आकलन करने, प्रकटन, जैसा भी लागू है, संस्था की निरंतरता से संबंधित मामलों तथा जब तक प्रबंधन लेखांकन का संस्था की निरंतरता के आधार पर प्रयोग न करें, चाहे वह बैंक का परिसमापन या परिचालन बंद करना चाहते हों या ऐसा करने के अलावा और कोई विकल्प न हो, का मूल्यांकन करने के लिए प्रबंधन उत्तरदायी है।

वित्तीय विवरणी की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व

7. हमारा उद्देश्य इस विषय में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि वित्तीय विवरण, समग्र रूप से धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण महत्वपूर्ण मिथ्या विवरणों से मुक्त है और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारा अभिमत भी शामिल है। तर्कसंगत आश्वासन, उच्च स्तर का आश्वासन है परंतु यह गारंटी नहीं है कि मानक लेखांकन (एसएएस) के अनुरूप की गई लेखापरीक्षा में हमेशा गलत विवरण, यदि कोई हो, का पता लगा लिया जाएगा।

गलत विवरण, धोखाधड़ी या त्रुटि की वजह से हो सकते हैं तथा उन्हें गंभीर माना जाएगा, यदि अलग-अलग या समग्र रूप से इन वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोक्ता के आर्थिक निर्णय पर्याप्त रूप से प्रभावित होते हैं।

मानक लेखांकन (एसएएस) के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर आंकलन करते हैं और पेशेवर संशयात्मकता बनाए रखते हैं। इसके साथ ही हम :

- वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिम, चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, की पहचान एवं मूल्यांकन करते हैं, इन जोखिमों के प्रति उत्तरदायी लेखापरीक्षा प्रक्रिया को तैयार एवं निष्पादित करते हैं और हमारी राय को आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप दिए गए गंभीर गलत विवरणों की जांच न करने का जोखिम त्रुटिवश दिए गए गलत विवरण की अपेक्षा उच्चतर होता है क्योंकि धोखाधड़ी में षड़यंत्र, जालसाजी, इरादतन की गई चूक, मिथ्या प्रस्तुति या आंतरिक कानून के विरुद्ध कार्य करना शामिल हो सकते हैं।
- लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण की जानकारी प्राप्त करना ताकि वर्तमान परिस्थितियों में उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की रूपरेखा बनाई जा सके।
- उपयोग में लाई गई लेखांकन पद्धतियों की उपयुक्तता तथा प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन प्राक्कलन और संबंधित प्रकटन के औचित्य का मूल्यांकन करना।

- संस्था की निरंतरता के आधार पर लेखांकन संबंधी प्रबंधन के उपयोग को उपयुक्तता और प्राप्त किए गए लेखा परीक्षा के साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकालना कि क्या ऐसे मामलों या स्थितियों से संबंधित कोई अनिश्चितता है जो बैंक को संस्थागत निरंतरता को जारी रखने में महत्वपूर्ण संदेह उत्पन्न करती है, यदि हम महत्वपूर्ण अनिश्चितता के विद्यमान होने का निष्कर्ष निकालते हैं या उक्त प्रकटन हमारी राय को संशोधित करने में अपर्याप्त हो तो वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटन हेतु हमें, हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इस ओर ध्यान आकर्षित करना चाहिए। हमारे निष्कर्ष, हमारे लेखा परीक्षक को रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए लेखांकन साक्ष्यों पर आधारित है तथापि, भविष्य की घटनाएं या मामले बैंक की संस्थागत निरंतरता को रोकने के कारण हो सकते हैं।
- प्रकटन सहित वित्तीय विवरण की समग्र प्रस्तुति, संरचना और विषय-वस्तु का मूल्यांकन और वित्तीय विवरण में अंतर्निहित संव्यवहारों और मामलों को उचित प्रकार प्रस्तुत करने के तरीके का मूल्यांकन करना।

परिमाण (मेटेरिएलिटी), वित्तीय विवरणों में गलत जानकारी का स्तर है जो अकेले या समग्र रूप से ऐसी स्थिति उत्पन्न करने की संभावना रखता है कि वित्तीय विवरणी के पर्याप्त जानकार प्रयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम, (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य की व्यापकता की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने में तथा (ii) वित्तीय विवरणों में चिह्नित गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने में मात्रात्मक महत्ता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य विषयों के साथ लेखापरीक्षा की नियोजित स्वरूप एवं समय-सीमा तथा हमारी लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में चिह्नित किसी महत्वपूर्ण अनियमितताओं सहित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों से अभिशासन प्रभारी को सूचित करते हैं।

हम अभिशासन प्रभारी को इस विवरण से भी सूचित करते हैं कि हमने निष्पक्षता संबंधी सभी प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं का तथा उनसे संपर्क करने के लिए समस्त संबंधों व अन्य मामलों जो हमारी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकते हैं और संबंधित रक्षा उपायों, जहाँ भी लागू है, का अनुपालन किया है।

अभिशासन प्रभारी के साथ संप्रेषित मामलों से, हमने उन मामलों को निर्धारित किया है जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरण में लेखापरीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे और इसलिए प्रमुख लेखा संबंधी मामले हैं। इन मामलों को हम हमारी लेखापरीक्षक को रिपोर्ट में दर्शाते हैं, यदि कोई विधि या विनियम इस मामले के सार्वजनिक प्रकटीकरण को प्रतिबंधित न करें या जब हम यह तय करते हैं, बहुत ही कम परिस्थितियों में कि इन्हें हमारी रिपोर्ट में व्यक्त नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से जनहित लाभों से अधिक ऐसी सूचना के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं।

अन्य मामले

8. हमने, बैंक के वित्तीय विवरणों में समाविष्ट 441 शाखाओं तथा 47 कार्यालयों/ प्रसंस्करण केंद्रों की वित्तीय विवरणी/ जानकारी की लेखापरीक्षा नहीं की है जिनकी वित्तीय विवरणी/ जानकारी, दिनांक 31.03.2026 को ₹28,744.33 करोड़ की कुल आस्तियां तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए ₹3,124.17 करोड़ के कुल राजस्व दर्शाते हैं जैसा कि इन वित्तीय विवरणियों में सुविचारित है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरण/ जानकारी की लेखापरीक्षा, शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है जिसकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है तथा इन शाखाओं के संबंध में समाविष्ट राशि और प्रकटीकरण से संबंधित हमारा अभिमत पूर्ण रूप से ऐसे शाखा लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर आधारित है।

   उक्त मामले के संबंध में हमारे अभिमत को आशोधित नहीं किया गया है।

अन्य विधिक तथा विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

9. बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तुलन-पत्र तथा लाभ एवं हानि खाते तैयार किए गए हैं;

10. उपर्युक्त अनुच्छेद 6 से 8 में निर्दिष्ट लेखापरीक्षा संबंधी सीमाओं के अधीन और यथा संशोधित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की अपेक्षाओं के अनुसार और इसमें अपेक्षित प्रकटन की सीमाओं के अधीन भी तथा यथा संशोधित बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 30 की उपधारा (3) की अपेक्षाओं के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

    a) हमने अपने लेखापरीक्षा के प्रयोजन हेतु आवश्यक समस्त जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं, वे हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हैं तथा उन्हें संतोषजनक पाया गया है;

    b) हमारी जानकारी में आए हुए बैंक के लेनदेन, बैंक के विवेकाधिकार में हैं ; और

    c) बैंक के कार्यालयों तथा शाखाओं से प्राप्त विवरणियां, हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन हेतु पर्याप्त हैं।

11. भारिबैं द्वारा जारी उत्तरवर्ती संचार दिनांकित 19 मार्च, 2022 के साथ पठित "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों (SCAs) की नियुक्ति - एससीए के लिए रिपोर्टिंग अपेक्षाएं" पर पत्र संख्या डीओएस. एआरजी. नंबर 6270/08.91.001/2019-20 की अपेक्षानुसार, हम उपर्युक्त पत्र के अनुच्छेद 2 में विनिर्दिष्ट मामलों पर आगे रिपोर्ट करते हैं कि :

a) हमारे अभिमत में उपरोक्त वित्तीय विवरण, भारिबैं द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं होने की सीमा तक आईसीएआई द्वारा जारी प्रयोज्य लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

b) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई पर्यावलोकन या टिप्पणी नहीं है जो बैंक के कार्यकरण पर कोई विपरीत प्रभाव डालते हों।

c) चूंकि बैंक, कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप-धारा (2) के अंतर्गत बैंक के निदेशक होने की निरर्हता, बैंक के लिए अप्रयोज्य है।

d) खातों के प्रबंधन और तत्संबंधी अन्य मामलों के संबंध में कोई विशिष्टता, संदेह या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

e) वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी रिपोर्ट, इस रिपोर्ट के अनुलग्नक - ए में दी गई है जो 31 मार्च, 2026 के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के विषय में असंशोधित अभिमत व्यक्त करती है।

12. हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि :

a) हमारे अभिमत में, विधि द्वारा यथा अपेक्षित खाता बहियां उचित रूप से बैंक में रखी गई हैं और जिन शाखाओं का हमने दौरा नहीं किया है, इन बहियों की जांच से जहाँ तक प्रतीत होता है उनसे प्राप्त विवरणियां हमारे लेखापरीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त हैं;

b) इस रिपोर्ट में प्रस्तुत तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि खाता और नगदी प्रवाह विवरण हमारे द्वारा निरीक्षण नहीं किए गए शाखाओं से प्राप्त खाता बहियों और विवरणियों से मेल खाते हैं;

c) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अंतर्गत बैंक के शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा निरीक्षित किए गए शाखा कार्यालयों की लेखा रिपोर्ट हमें प्रेषित की गई है तथा इस रिपोर्ट को तैयार करने में हमारे द्वारा उन्हें उचित रूप से व्यवहृत किया गया है; और

d) हमारे अभिमत में तुलन-पत्र, लाभ एवं हानि खाते और नगदी प्रवाह विवरण प्रयोज्य लेखांकन मानकों का, भारिबैं द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुरूप होने की सीमा तक अनुपालन करते हैं।

कृते **एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी**	कृते **गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स**
सनदी लेखाकार	सनदी लेखाकार
एफआरएन : 000346N	एफआरएन : 001466N
(सीए. प्रतीक गुप्ता)	(सीए गुरनीत सिंह भान)

साझेदार एम. नं. 566023 यूडीआईएन: 26566023WYNGEH9733	साझेदार एम. नं. 532675 यूडीआईएन: 26532675YNDAWF6678
कृते ओ.पी. तोतला एण्ड कंपनी सनदी लेखाकार एफआरएन: 000734C (सीए अभिजीत गुप्ता) साझेदार एम. नं. 454850 यूडीआईएन: 26454850VQLEWE3778	कृते एनबीएस एण्ड कंपनी सनदी लेखाकार एफआरएन: 110100W (सीए शरत के शेट्टे) साझेदार एम. नं. 132775 यूडीआईएन: 26132775QKDBTN9395

दिनांक: 27 अप्रैल, 2026

स्थान: नई दिल्ली

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक 'ए'

(पंजाब एण्ड सिंध बैंक की सम तिथि को हमारी रिपोर्ट के अनुच्छेद 13 (e) के अंतर्गत "अन्य विधिक तथा विनियामकीय आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' का संदर्भ लें।)

भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") के पत्र डीओएस.एआरजी. संख्या 6270/08.91.001/2019-20 दिनांकित 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित) ("आरबीआई संसूचना") द्वारा आवश्यक वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता पर रिपोर्ट

हमने, संबंधित तारीख को समाप्त वर्ष के लिए **पंजाब एण्ड सिंध बैंक** ("बैंक") की वित्तीय विवरणियों के हमारे लेखापरीक्षा से संयोजन में 31 मार्च, 2026 को बैंक की वित्तीय विवरण के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का लेखापरीक्षा किया है जिसमें चयनित बैंक शाखाओं की वित्तीय विवरणियों के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण भी शामिल है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

बैंक का प्रबंधन, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने तथा उसके अनुरक्षण के लिए जिम्मेदार होगा जो "भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड पर आंतरिक नियंत्रण" पर आधारित है। इन उत्तरदायित्व में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का निर्माण, कार्यान्वयन तथा रखरखाव शामिल होगा जो उसके कारोबार के व्यवस्थित तथा दक्ष परिचालन को सुनिश्चित करते हुए प्रभावी रूप से परिचालित बनाए हुए था। इस उत्तरदायित्व में बैंक की नीतियों का पालन, बैंक आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ियों एवं त्रुटियों की रोकथाम और पहचान, लेखांकन अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता तथा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के अंतर्गत तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्र और दिशानिर्देशों द्वारा यथा आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की यथासमय उपक्रम भी शामिल है।

लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय विवरणी के संबंध में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर अपनी राय व्यक्त करें। हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई'") द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर निर्देशन नोट ("गाइडेंस नोट") तथा आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन पर मानक (एसए), प्रयोज्य सीमा तक आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा के अनुसरण में अपनी लेखापरीक्षा की है। उन मानकों तथा उक्त निर्देशन नोट के अनुसार यह आवश्यक है कि हम नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करें तथा इस विषय में पर्याप्त आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और लेखापरीक्षा करें कि क्या वित्तीय विवरणी के संबंध में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित व अनुरक्षित किया गया है और यदि ऐसे सभी नियंत्रण सभी महत्वपूर्ण पक्षों में प्रभावी ढंग से परिचालित है।

हमारी लेखापरीक्षा में, वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता तथा उनकी परिचालन प्रभावशीलता के विषय में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है। वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणी के संबंध में

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करना, जोखिम का मूल्यांकन करना कि कोई महत्वपूर्ण दोष विद्यमान है तथा मूल्यांकित जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण व मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रिया, लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर होगी जिसमें धोखाधड़ी या गलती के कारण वित्तीय विवरणियों की महत्वपूर्ण त्रुटि के जोखिम का मूल्यांकन शामिल है।

हमारा मानना है कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं और शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा नीचे दिए गए अन्य मामले से संबंधित अनुच्छेद में संदर्भित उनकी रिपोर्ट के अनुरूप जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए गए हैं, वित्तीय विवरणों के संबंध में बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा पर हमारी लेखापरीक्षा अभिमत के लिए पर्याप्त और समुचित आधार प्रदान करते हैं।

वित्तीय विवरणों के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अभिप्राय

वित्तीय विवरणी के संबंध में किसी बैंक की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के विषय में पर्याप्त आश्वासन प्रदान करने तथा सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसरण में बाह्य उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरणी तैयार करने के प्रयोजन से अभिकल्पित किया गया है। वित्तीय विवरणी के संबंध में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियाँ तथा प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं जो (1) उन अभिलेख के रखरखाव से संबंधित हैं जो पर्याप्त विस्तार से बैंक की आस्तियों के संव्यवहार और निपटान को यथार्थतः व निष्पक्ष रूप में दर्शाते हैं; (2) पर्याप्त आश्वासन प्रदान करे कि सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणियाँ तैयार करने को संभव बनाने के लिए यथा आवश्यक संव्यवहारों को दर्ज किया गया है तथा बैंक की प्राप्तियाँ और व्यय, बैंक के प्रबंधन तथा निदेशकों के प्राधिकरण के अनुसार ही किए जा रहे हैं तथा (3) बैंक आस्तियों के अप्राधिकृत अर्जन, उपभोग या निपटान की रोकथाम या यथासमय पता लगाने के संबंध में पर्याप्त आश्वासन प्रदान करे जिनका वित्तीय विवरणियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय विवरणों के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं

मिलीभगत की संभावना या अनुचित प्रबंधन के नियंत्रणों पर हावी होने सहित वित्तीय विवरणों के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाओं के कारण त्रुटि से या धोखाधड़ी के कारण गंभीर गलत विवरणी की प्रस्तुति हो सकती है तथा ऐसा भी संभव है कि उनका पता न लगाया जा सके। साथ ही, भविष्य की अवधियों के लिए वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी मूल्यांकन का पूर्वानुमान इस जोखिमों के अधीन है कि वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, स्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है या नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर न्यून हो सकता है।

अभिमत

हमारे अभिमत में, तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी में एवं हमें प्रस्तुत स्पष्टीकरणों के अनुसार और नीचे दिए गए अन्य मामले से संबंधित अनुच्छेद में संदर्भित शाखा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के आलोक के आधार पर बैंक ने वित्तीय विवरणी के संबंध में समस्त महत्वपूर्ण पक्षों पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखा है तथा वित्तीय विवरणों के संदर्भ में इस प्रकार के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, "भारतीय सनदी लेखाकर संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर निर्देशन नोट में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के लिए मापदंड" के आधार पर 31 मार्च, 2026 को प्रभावी रूप से कार्यरत है।

अन्य मामले

हमारी पूर्वोक्त रिपोर्ट, जहाँ तक 441 शाखाओं और 47 कार्यालयों/ प्रसंस्करण केंद्रों की वित्तीय विवरणी के संबंध में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की परिचालनात्मक प्रभावशीलता से संबंधित है, वह उन शाखाओं के संबंधित शाखा लेखापरीक्षकों की संबंधित रिपोर्टों पर आधारित है।

इस मामले के संदर्भ में हमारी राय को आशोधित नहीं किया गया है।

कृते **एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी** सनदी लेखाकार एफआरएन : 000346N (**सीए. प्रतीक गुप्ता**) साझेदार एम. नं. 566023 यूडीआईएन: 26566023WYNGEH9733	कृते **गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स** सनदी लेखाकार एफआरएन : 001466N (**सीए गुरनीत सिंह भान**) साझेदार एम. नं. 532675 यूडीआईएन: 26532675YNDAWF6678
कृते **ओ.पी. तोतला एण्ड कंपनी** सनदी लेखाकार एफआरएन: 000734C (**सीए अभिजीत गुप्ता**) साझेदार एम. नं. 454850 यूडीआईएन: 26454850VQLEWE3778	कृते **एनबीएस एण्ड कंपनी** सनदी लेखाकार एफआरएन: 110100W (**सीए शरत के शेट्टे**) साझेदार एम. नं. 132775 यूडीआईएन: 26132775QKDBTN9395

दिनांक : 27 अप्रैल, 2026

स्थान : नई दिल्ली

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
31 मार्च, 2026 का तुलन-पत्र

(000 छोड़कर)

		₹	₹
पूंजी एवं देयताएं	**अनुसूची संख्या**	**31.03.26 तक [लेखा परीक्षित]**	**31.03.25 तक [लेखा परीक्षित]**
पूंजी	1	7,09,55,852	7,09,55,852
आरक्षित निधि एवं अधिशेष	2	7,03,68,290	6,25,91,713
जमा राशियां	3	1,45,82,90,114	1,29,77,40,219
उधार	4	16,35,23,262	14,22,95,201
अन्य देयताएं एवं प्रावधान	5	2,95,65,591	4,45,68,695
कुल		**1,79,27,03,109**	**161,81,51,680**
आस्तियां			
भारतीय रिज़र्व बैंक में नकद एवं शेष	6	6,22,95,437	8,79,38,011
बैंकों में शेष तथा मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	7	6,97,120	2,62,630
निवेश	8	49,38,84,725	46,91,23,086
अग्रिम	9	1,15,91,17,436	97,29,99,019
अचल आस्तियां	10	1,86,20,078	1,79,82,518
अन्य आस्तियां	11	5,80,88,313	6,98,46,416
कुल		**1,79,27,03,109**	**1,61,81,51,680**
आकस्मिक देयताएं	12	8,62,81,110	5,33,50,334
वसूली के लिए बिल		1,29,60,170	86,48,798
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	17		
खातों पर टिप्पणियां	18		
अनुसूची 1 से 18 के प्रपत्र, तुलन पत्र का अभिन्न भाग हैं			

अर्नब गोस्वामी
मुख्य वित्तीय अधिकारी

राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता
निदेशक

विवेक श्रीवास्तव
निदेशक

जितेन्द्र असाटी
निदेशक

राजीवा
कार्यपालक निदेशक

रवि मेहरा
कार्यपालक निदेशक

स्वरूप कुमार साहा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

समतिथि पर हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 000346N

कृते गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 001466N

(सीए प्रतीक गुप्ता)
साझेदार
एम. सं. 566023
यूडीआईएन: 26566023WYNGEH9733

(सीए गुरनीत सिंह भान)
साझेदार
एम. सं. 532675
यूडीआईएन: 26532675YNDAWF6678

कृते ओ.पी. तोतला एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरए: 000734C

कृते एनबीएस एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरए: 110100W

(सीए अभिजीत गुप्ता)
साझेदार
एम.सं. 454850
यूडीआईएन: 26454850VQLEWE3778

(सीए शरत के शेट्टे)
साझेदार
एम.सं. 132775
यूडीआईएन: 26132775QKDBTN9395

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27 अप्रैल, 2026

31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि खाता

(000 छोड़कर)

			₹	₹
			31.03.26 को समाप्त वर्ष [लेखा परीक्षित]	**31.03.25 को समाप्त वर्ष [लेखा परीक्षित]**
I.	**आय**			
	अर्जित ब्याज	13	11,98,15,018	11,48,13,003
	अन्य आय	14	1,77,77,968	1,56,76,508
	कुल		**13,75,92,986**	**13,04,89,511**
II.	**व्यय**			
	व्यय किया गया ब्याज	15	8,17,00,876	7,69,76,410
	परिचालन व्यय	16	3,40,74,699	3,27,63,879
	आकस्मिक व्यय एवं प्रावधान		85,98,069	1,05,90,913
	कुल		**12,43,73,643**	**12,03,31,202**
III.	**लाभ/हानि**			
	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (-)		1,32,19,342	1,01,58,309
	पिछला अग्रानीत लाभ/हानि (-)		1,90,77,844	1,39,45,575
	कुल		**3,22,97,186**	**2,41,03,884**
	प्रति शेयर मूल एवं तनुकृत अर्जन (ईपीएस)		1.86	1.50
IV.	**विनियोजन**			
	अंतरण :			
	सांविधिक आरक्षित निधि		33,10,000	25,40,000
	पूंजी आरक्षित निधि [निवेश]		2,24,277	3,60,626
	धारा 36 (1) (viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षित निधि		0	0
	कर्मचारी कल्याण न्यास		50,000	25,000
	निवेश उच्चावचन आरक्षित निधियां		1,59,637	7,24,487
	कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि		38,417	20,370
	लाभांश		4,96,691	13,55,557
	शेष को तुलन पत्र में ले जाया गया		2,80,18,164	1,90,77,844
	कुल		**3,22,97,186**	**2,41,03,884**
	महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	17		
	खातों पर टिप्पणियां	18		
	ऊपर उल्लिखित अनुसूचियां, लाभ और हानि खाते का अभिन्न भाग हैं।			

अर्नब गोस्वामी
मुख्य वित्तीय अधिकारी

राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता
निदेशक

विवेक श्रीवास्तव
निदेशक

जितेन्द्र असाटी
निदेशक

राजीवा
कार्यपालक निदेशक

रवि मेहरा
कार्यपालक निदेशक

स्वरूप कुमार साहा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

समतिथि पर हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते एस. पी. चोपड़ा एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 000346N

(सीए प्रतीक गुप्ता)
साझेदार
एम. सं. 566023
यूडीआईएन: 26566023WYNGEH9733

कृते गुप्ता शर्मा एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 001466N

(सीए गुरनीत सिंह भान)
साझेदार
एम. सं. 532675
यूडीआईएन: 26532675YNDAWF6678

कृते ओ.पी. तोतला एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरए: 000734C

(सीए अभिजीत गुप्ता)
साझेदार
एम. सं. 454850
यूडीआईएन: 26454850VQLEWE3778

कृते एनबीएस एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरए: 110100W

(सीए शरत के शेट्टे)
साझेदार
एम. सं. 132775
यूडीआईएन: 26132775QKDBTN9395

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27 अप्रैल, 2026

(000 छोड़कर)

		₹	₹
	अनुसूची 1-पूंजी	**31.03.26 तक [लेखा परीक्षित]**	**31.03.25 तक [लेखा परीक्षित]**
	प्राधिकृत पूंजी :		
I.	इक्विटी शेयर पूंजी प्रत्येक ₹10 के 1000,00,00,000 शेयर (विगत वर्ष 1000,00,00,000)	10,00,00,000	10,00,00,000
		10,00,00,000	**10,00,00,000**
	निर्गम, अभिदत्त एवं प्रदत्त पूंजी:		
I.	इक्विटी शेयर पूंजी प्रत्येक ₹10/- के 7,09,55,85,220 शेयर (विगत वर्ष 7,09,55,85,220) [केंद्र सरकार द्वारा धारित प्रत्येक ₹10/- के 6,65,90,51,093 (विगत वर्ष 6,65,90,51,093) शेयर सहित]	7,09,55,852	7,09,55,852
	कुल	**7,09,55,852**	**7,09,55,852**
	अनुसूची 2 - आरक्षित निधि एवं अधिशेष		
I.	**सांविधिक आरक्षित निधियां**		
	अथशेष	1,97,66,906	1,72,26,906
	योग : वर्ष के दौरान परिवर्धन	33,10,000	25,40,000
	कम : वर्ष के दौरान कटौती	0	0
	उप-योग I	**2,30,76,906**	**1,97,66,906**
II.	**पूंजी आरक्षित निधियां:**		
	a. पुनर्मूल्यन आरक्षित निधि (अचल आस्तियां):		
	अथशेष	1,06,34,585	1,06,63,859
	योग: वर्ष के दौरान परिवर्धन	0	0
	कम: वर्ष के दौरान कटौती	(29,274)	(29,274)
	उप-योग II.a	**1,06,05,311**	**1,06,34,585**
	b. पूंजी आरक्षित निधि [निवेश]		
	अथशेष	81,12,086	77,51,460
	योग : वर्ष के दौरान परिवर्धन	2,24,277	3,60,626
	कम: वर्ष के दौरान कटौती	0	0
	उप-योग II.b	**83,36,363**	**81,12,086**
III.	**शेयर प्रीमियम :**		
	अथशेष	4,01,86,316	3,13,19,785
	योग : वर्ष के दौरान परिवर्धन	6,313	90,15,952
	कम : वर्ष के दौरान कटौती	0	(1,49,421)
	उप-योग III	**4,01,92,629**	**4,01,86,316**
IV.	**राजस्व एवं अन्य आरक्षित निधि**		
	a). सामान्य आरक्षित निधि		

	अथशेष	(4,19,32,575)	10,89,003
	योग : वर्ष के दौरान परिवर्धन	0	3,33,218
	कम : वर्ष के दौरान कटौती	(10,58,044)	(4,33,54,796)
	उप-योग IV.a	**(4,29,90,619)**	**(4,19,32,575)**
	b). राजस्व आरक्षित निधि:		
	अथशेष	4,89,777	4,60,503
	योग : वर्ष के दौरान परिवर्धन	29,274	29,274
	कम : वर्ष के दौरान कटौती	(84,515)	0
	उप-योग IV.b	**4,34,536**	**4,89,777**
	c). धारा 36(i) (viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षित निधि:		
	अथशेष	21,08,118	21,08,118
	योग : वर्ष के दौरान परिवर्धन	0	0
	कम : वर्ष के दौरान कटौती	0	0
	उप-योग IV.c	**21,08,118**	**21,08,118**
	d). निवेश आरक्षित निधि		
	अथशेष	0	3,33,218
	योग : वर्ष के दौरान परिवर्धन	0	0
	कम : वर्ष के दौरान कटौती	0	(3,33,218)
	उप-योग IV.d	0	0
	e). निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षित निधि		
	अथशेष	33,82,467	26,57,980
	योग : वर्ष के दौरान परिवर्धन	1,59,637	7,24,487
	कम : वर्ष के दौरान कटौती	0	0
